* वर्ष 40 * अंक 93 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर गुरुवार दिनांक 2 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# नहीं लौटी 'चेतना'! 10 दिन बाद बोरवेल से अचेत बाहर आई मासूम

## कपड़े में लपेटकर निकाला मौत 170 फीट गहराई में फंसी थी





**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली में बोरवेल में गिरी 3 साल की मासूम बच्ची चेतना जिदंगी से जंग हार गई। चेतना को बोरवेल से 10 दिन बाद बाहर निकाला और जिला बीडीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल समेत उच्च अधिकारी मौजूद रहे। चेतना को कोटपुतली के अस्पताल लाने के बाद डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। चेतना के शव को मोर्चरी में रखवाया है। आज रात को पोस्टमार्टम किया जाएगा। पीएमओ डॉक्टर चैतन्य रावत ने कहा कि तीन डॉक्टरों का बोर्ड बनाया है। 10वें दिन चेतना को बोरवेल से बाहर निकाल लिया गया है। एनडीआरएफ के जवान चेतना को लेकर जिला बीडीएम अस्पताल गए हैं। पिछले 10 दिन से जारी रेस्क्यू ऑपरेशन के बीच बुधवार शाम को रेस्क्यू टीम को चेतना मिल गई, बोरवेल से एएसआई महावीर सिंह चेतना को लेकर बाहर निकले। इसके बाद एनडीआरएफ के जवान उसे लेकर जिला बीडीएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि पिछले दस दिन से हम कोशिश कर रहे थे, लेकिन खुदाई में पत्थर आने से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही थी। उल्लेखनीय है कि 23 दिसंबर को खेलते-खेलते पैर फिसलने से तीन साल की चेतना 170 फीट गहरे बोरवेल में जा गिरी। बच्ची के बोरवेल में गिरने की जानकारी होने के बाद से रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार चलाया जा रहा था।





रेस्क्यू के दौरान बोरवेल में फंसी चेतना की आखिरी फुटेज जिसमें वह हाथ हिलाती नजर आई थी

### बॉडी के आसपास से अंगुली से निकाली मिट्टी

रेस्क्यू ऑपरेशन करने वाले एनडीआरएफ के जवानों ने बताया कि चेतना की बॉडी मिट्टी के बीच फंसी हुई थी। बोरवेल में घुसने के बाद अंगुली से उसकी बॉडी के आसपास से मिट्टी हटाई और फिर उसे बाहर निकालकर लेकर आए। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कई तरह की दिक्कतें आ रही थीं। पत्थर उछलकर आंखों पर आ रहे थे। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। लेटकर पत्थर तोड़ने पड़ रहे थे। जहां बच्ची फंसी हुई थी, वहां से बोरवेल मुड़ा हुआ था। बच्ची नीचे जाते-जाते वहां फंस गई।



### ये हुआ घटनाक्रम

**23 दिसंबर 2024 :** सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे 3 साल की चेतना खेलते-खेलते बोरवेल में गिर गई। रोने की आवाज सुनकर परिजनों ने पुलिस-प्रशासन को सूचित किया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ।

**24 दिसंबर 2024 :** बीच में तकनीकी कारणों से रेस्क्यू ऑपरेशन को रोका गया था। चार घंटे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन को दोबारा शुरू किया गया। रिंग रॉड और अंब्रेला तकनीक की मदद से बच्ची को बचाने का प्रयास किया जा रहा था। इसके लिए गड्ढे में 15 लोहे की छड़ों को डाला गया। 150 फीट गहरे गड्ढे में से 30 फीट ऊपर बच्ची को खींचा गया, लेकिन इसके बाद वो फंस गई।

**25 दिसंबर 2024 :** रिंग रॉड और अंब्रेला जैसे जुगाड़ फेल होने के बाद फरीदाबाद से पाइलिंग मशीन मंगवाई गई। पाइलिंग मशीन से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू होने से पहले जेसीबी की मदद से गड्ढे खोदने का काम शुरू किया गया। गड्ढे में लगातार ऑक्सीजन सप्लाई भी भेजी जा रही थी। हालांकि, इस दौरान भी कैमरे में बच्ची का मूवमेंट नजर नहीं आ रहा था।

**26 दिसंबर 2024 :** उत्तराखंड से स्पेशल टीम को बुलाया गया, जिसके बाद पाइलिंग मशीन से लगातार खुदाई की गई। इस दौरान रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**27 दिसंबर 2024 :** कई बार रोकने के बाद फिर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। चेतना को बाहर निकालने के लिए 'रैट माइनर्स' की टीम ने मोर्चा संभाला। रैट माइनर्स ने ही उत्तराखंड में टनल में फंसे मजदूरों को सुरंग खोदकर निकाला था।

**28 दिसंबर 2024 :** बोरवेल के गड्ढे के बगल में 170 फीट का गड्ढा खोदा गया. खुदाई करके उसमें केसिंग डालने का काम भी पूरा किया गया। 90 डिग्री पर अंदर की तरफ करीब 10 फीट की सुरंग बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीम सुरक्षा उपकरणों के साथ नीचे उतरे।

**29 दिसंबर 2024 :** 170 फीट खुदाई कर सुरंग बनाई गई और करीब 2 फीट तक की एल आकार की खुदाई की गई। इस दौरान रास्ते में पहाड़ आ जाने से खुदाई में दिक्कत आ रही है। सुरंग की खुदाई का काम पूरा हुआ. टनल से अज्ञात गैस निकलने के कारण सांस लेने में परेशानी आ रही, जिसके कारण रेस्क्यू टीम बच्ची तक नहीं पहुंच पाई।

**31 दिसंबर 2024 :** टनल की खुदाई के बाद भी बोरवेल ट्रेस नहीं हो रही थी। इसके बाद 4 फीट की सुरंग और खोदी गई, जिसके बाद बोरवेल को ट्रेस किया गया।

## अमेरिका में न्यू-ईयर मना रहे लोगों को ट्रक से रौंदा, 10 की मौत, 35 घायल, फायरिंग भी की थी





**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के न्यू ऑर्लियंस शहर में एक जनवरी को एक शख्स ने नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर पिकअप ट्रक चढ़ा दिया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 लोग घायल हो गए। घटना भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे की है। इस वक्त न्यू ऑर्लियंस में रात के 3 बजकर 15 मिनट हो रहे थे। शहर की सबसे व्यस्तम बॉर्बन स्ट्रीट पर हजारों लोग जश्न मना रहे थे। अचानक एक गाड़ी भीड़ को रौंदते हुए आगे बढ़ी। टक्कर के बाद भगदड़ मच गई। कई लोग टक्कर के बाद दूर जा गिरे। इसके बाद उसमें से एक शख्स उतरा। उसने लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस फोर्स को भी फायरिंग करनी पड़ी। एनबीसी न्यूज के मुताबिक हमलावर की मौत हो चुकी है। पुलिस प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि ऐसा लगता है कि हमला जानबूझकर किया गया था। इस घटना के बाद नए साल के जश्न का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों को शहर के 5 अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



### मेयर ने कहा- यह आतंकी घटना, एफबीआई का इनकार

हमले को लेकर बॉर्बन स्ट्रीट के मेयर ने इसे 'आतंकवादी घटना' करार दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद एफबीआई एजेंट ने कहा कि यह घटना 'आतंकवादी घटना' नहीं है। हालांकि एफबीआई ने कहा कि वह इस घटना की जांच वैसे ही कर रही है जैसे वे किसी आतंकी घटना के दौरान करते हैं।

## न्यू ईयर पर होटल में रेव पार्टी पकड़ी : मुंबई-इंदौर से बुलाए डांसर; लड़के-लड़कियां कर रहे थे अश्लील डांस, फर्श पर बिखरे थे नोट

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर की केसर विला होटल में न्यू ईयर की रेव पार्टी से 13 युवतियों समेत 40 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इस रेव पार्टी में गेस्ट को सोशल मीडिया के जरिए बुलाया गया था। इसके लिए मुंबई से 2 युवतियां और 1 किन्नर डांस करने के लिए बुलाए गए थे।

पुलिस ने रात करीब 3 बजे जब रेड मारी तो यहां डांस फ्लोर पर युवतियां और किन्नर नाच रहे थे। इस दौरान कुछ युवक शराब पीकर उन पर रुपए उड़ा रहे थे, फर्श पर भी नोट बिखरे थे। पुलिस को देख कोई खिड़की से भागने लगा तो कोई होटल के कमरों में छुपने लगा। मामला प्रताप नगर थाना इलाके का है। पुलिस ने बुधवार शाम को मामले का खुलासा किया।





### रेव पार्टी के आयोजकों में लड़कियां भी शामिल

उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया- मुखबिर से सूचना मिली कि प्रताप नगर थाना क्षेत्र के ढीकली गांव में केसर विला होटल में नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर अरमान उर्फ आसु हुसैन उर्फ उस्मान अली, रामसिंह, जितेंद्र मेवाड़ा उर्फ जीतू मेवाड़ा, सलीम निवासी भीलवाड़ा, ज्योति अरोड़ा उर्फ सोनिया निवासी भुवाणा और हुसैन मोहम्मद ने रेव पार्टी का आयोजन किया है। पार्टी में ग्राहकों को पीने के लिए अवैध शराब उपलब्ध कराई जाएगी और वहां अनैतिक काम भी करने की सूचना है।

### डांस देखने का पास 11 हजार का

एसपी गोयल ने बताया- आयोजक पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर इस रेव पार्टी का प्रचार प्रसार कर रहे थे। पार्टी के लिए थ्री स्टार कैटेगरी रूम, इवनिंग पार्टी, खानपान, शराब और डांस के लिए 11 हजार 999 रुपए के पास बेचे गए थे। एसपी ने बताया कि इसमें मुख्य आयोजक अरमान उर्फ आसु हुसैन उर्फ उस्मान अली निवासी मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) हाल आयड़ उदयपुर, सलीम पुत्र मुबारिक मोहम्मद निवासी कांवा खेड़ा, भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। इनके अलावा 38 युवक-युवतियों को भी गिरफ्तार किया है।

### युवक-युवतियां कर रहे थे अश्लील डांस

प्रताप नगर एसएचओ भरत योगी ने बताया- होटल केसर विला की लॉबी में कुछ युवतियां और युवक बैठे थे। इसी लॉबी के आगे एक बड़ा डांस फ्लोर बनाया गया था। जहां डीजे साउंड बज रहा था। यहां युवतियां अश्लील डांस कर रही थी और युवक नोट हवा में उड़ा रहे थे। इसी के साथ कुछ नोट फर्श पर भी पड़े थे। मौके पर युवतियों के साथ कुछ युवक अश्लील डांस कर रहे थे।

### 2 युवतियां और किन्नर को मुंबई से बुलाया

एसएचओ ने बताया- टीम को देखकर मौजूद लोग भागने लगे और छुपने लगे। इस पर घेराबंदी कर इनको पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, इस पार्टी में 2 युवतियां और 1 किन्नर को डांस करने के लिए मुंबई से बुलाया गया था। वहीं 2 युवतियां इवेंट कार्यक्रम के लिए इंदौर से बुलाई गई थी। मौके से बरामदे और लॉबी से अंग्रेजी शराब की 40 से ज्यादा बोतल और अवैध गांजा, सिगरेट बरामद हुए।

## नए साल पर मोदी सरकार का किसानों को तोहफा, नहीं बढ़ेगा डीएपी का दाम; फसल बीमा योजना पर भी फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नए साल के पहले दिन मोदी सरकार ने किसानों को तोहफा दिया है। डीएपी के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी और 50 किलो की बोरी 1350 रुपये में मिलती रहेगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों की आवश्यकता के अनुसार संशोधन करने का फैसला किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फसल बीमा योजना के मौजूदा क्षेत्र का विस्तार करने और डीएपी की बोरी मूल्य 1350 रुपए निर्धारित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दी है।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी पर सब्सिडी जारी रखने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी गई है। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति में बाधा के बावजूद किसानों को डीएपी की 50 किलोग्राम की बोरी 1350 रुपए में ही मिलेगी। इसकी अतिरिक्त कीमत सरकार वहन करेगी। सरकार ने किसानों को सब्सिडी वाले, सस्ती और उचित कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित की है।



वैष्णव ने बताया कि नौ प्रमुख राज्य आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल हैं और अन्य राज्यों को भी तेजी से शामिल किया जा रहा है।

### नए साल में कैबिनेट का पहला फैसला किसानों को समर्पित : पीएम मोदी

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि नए साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है। उन्होंने एक्स पर कहा, ÷(सरकार का) नए साल का पहला फैसला हमारे देश के करोड़ों किसान भाइयों और बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा योजना के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे किसानों की फसलों को अधिक सुरक्षा मिलेगी और किसी भी नुकसान के बारे में उनकी चिंता भी कम होगी।÷ उन्होंने कहा कि डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एकमुश्त विशेष पैकेज को बढ़ाने के कैबिनेट के फैसले से किसानों को सस्ती कीमतों पर उर्वरक सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## दौसा में टाइगर ने 3 लोगों पर हमला किया : महिला की पीठ पर कूदा, बचाने आए युवकों पर भी झपटा; वन-विभाग की गाड़ी के कांच फोड़े

**बांदीकुई (दौसा)/अलवर।** राजस्थान के दौसा जिले में टाइगर ने एक महिला सहित तीन लोगों पर हमला कर दिया। तीनों की हालत गंभीर है और उन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल रेफर किया गया है। वहीं, ट्रैंकुलाइज करने पहुंची वन विभाग की टीम पर भी टाइगर ने हमला बोल दिया और गाड़ी के कांच फोड़ दिए। घटना जिले के बांदीकुई के महुखुर्द गांव में सुबह 7.30 बजे की है। टाइगर के हमले की सूचना के बाद वन विभाग की टीम भी पहुंच गई है। बताया जा रहा है टाइगर सरिस्का सेंचुरी से आया है।

रेंजर दीपक शर्मा ने बताया- टाइगर की उम्र करीब 4 साल है। तीन बार इसे ट्रैंकुलाइज करने का प्रयास किया, लेकिन निशाना सही नहीं लग सका।

बीते करीब 20 दिन से सेंचुरी के दो टाइगर गायब हैं और इनकी लोकेशन जयपुर और दौसा के आसपास बताई जा रही है। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि हमला करने वाला टाइगर इन्हीं में से एक है। उधर, सरिस्का से वन विभाग की टीम गांव पहुंच गई है। टाइगर को ट्रैंकुलाइज करने की कोशिश की जा रही है। टीम को देखकर वह गली से निकलकर पलासन नदी की ओर भाग गया।



### खेत में किया हमला, घर के पास भी दिखा

महुखुर्द गांव के सरपंच पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि मुहखुर्द गांव स्थित कोली मोहल्ले के पास एक गली में झाड़ियों के पास टाइगर बैठा हुआ था। सुबह सात-साढ़े सात बजे आवाज सुनकर सबसे पहले उगा महावर (45) झाड़ियों की तरफ गईं। वह कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही टाइगर उनकी पीठ पर हमला कर दिया। इसके बाद शोर-शराबा हुआ। महिला को बचाने के लिए सुबह करीब 8 बजे विनोद मीणा (42) एवं बाबूलाल मीणा (48) हाथों में डंडा लेकर टाइगर के नजदीक पहुंचे। टाइगर ने इन पर भी हमला कर दिया। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सरिस्का क्षेत्र का टाइगर दौसा पहुंचा

सुबह करीब 9 बजे बैजूपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को वहां से दूर हटाया। सुबह 9.30 बजे बांदीकुई वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वीडियो देखकर टाइगर होने की पुष्टि की। बांदीकुई वन रेंजर दीपक शर्मा ने बताया कि इसकी सूचना सरिस्का वन क्षेत्र को दी है। संभावना है कि यह टाइगर सरिस्का क्षेत्र से यहां पहुंचा है और अब हम इसकी जांच कर रहे हैं। टाइगर को ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया- टाइगर को रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग की टीमें जुटी है। शाम 3¬45 बजे टाइगर सरसों के खेत से निकलकर पलासन नदी की ओर भाग गया। इस दौरान दो गाड़ियों में वन विभाग की टीमों ने उसका पीछा किया, लेकिन उसे ट्रैंकुलाइज नहीं किया जा सका।

## भारत में टूटा 123 साल का रिकॉर्ड : साल 2024 रहा सबसे गर्म

### आईएमडी का खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2024 ने भारत में गर्मी के सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास रच दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जानकारी दी है कि यह साल 1901 के बाद से सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज किया गया। औसत न्यूनतम तापमान दीर्घकालिक औसत से 0.90 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जो 123 साल में पहली बार देखने को मिला है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि 2024 में पूरे भारत में वार्षिक औसत भूमि सतही वायु तापमान 25.75 डिग्री सेल्सियस रहा, जो दीर्घकालिक औसत (1991-2020) से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक था। औसत अधिकतम तापमान 31.25 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि औसत न्यूनतम तापमान 20.24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 2016 को पीछे छोड़ते हुए 2024 अब तक का सबसे गर्म साल बन गया है। 2016 में औसत भूमि सतही वायु तापमान सामान्य से 0.54 डिग्री सेल्सियस अधिक था। आईएमडी के अनुसार, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में औसत न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। फरवरी का औसत न्यूनतम तापमान अब तक के दूसरे सबसे ऊंचे स्तर पर रहा। मृत्युंजय महापात्र ने कहा, दीर्घकालिक डेटा से पता चलता है कि देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का रुझान है, खासतौर से मानसून के बाद और सर्दियों के मौसम में। वहीं यूरोपीय जलवायु एजेंसी 'कोपरनिकस' के अनुसार, 2024 वैश्विक स्तर पर भी सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ। यह पहला मौका है जब वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर (1850-1900) से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक पहुंच गया। साल भर में जून 2024 ने पहली बार इस सीमा को पार किया, और यह प्रवृत्ति जुलाई को छोड़कर साल के बाकी महीनों में जारी रही। पेरिस समझौते के तहत, 1.5 डिग्री सीमा का स्थायी उल्लंघन 20-30 साल की निरंतर गर्मी को दर्शाता है।



### ग्लोबल वार्मिंग का खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि दुनिया अब एक ऐसे चरण में प्रवेश कर रही है जहां तापमान लगातार खतरनाक स्तरों तक पहुंच सकता है। जलवायु वैज्ञानिकों के दो स्वतंत्र समूहों, वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन और क्लाइमेट सेंट्रल के अनुसार, 2024 में विश्व ने 41 अतिरिक्त खतरनाक गर्म दिनों का अनुभव किया। आईएमडी ने यह भी बताया कि ठंडे सर्दियों के लिए कारक ला नीना की स्थिति जनवरी 2024 में विकसित हो सकती है, लेकिन इसका असर गर्मी के बढ़ते रुझान पर नगण्य होगा। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन की तेजी से बढ़ोतरी के कारण वैश्विक औसत तापमान पहले ही 1.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। यह न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि मानव जीवन और खाद्य सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। 2024 के रिकॉर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि सच्चाई बन चुका है।

## हाथ से ना उठाए कोई मैला, ना सैप्टिक टैंक की सफाई

### जातीय भेदभाव पर केंद्र ने बदली जेल नियमावली





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जेलों में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर भेदभाव और वर्गीकरण की जांच करने के लिए जेल नियमावली में संशोधन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में कहा है कि कैदियों के साथ किसी भी तरह के जाति आधारित भेदभाव के मुद्दे को सुलझाने के लिए ''आदर्श कारागार नियमावली, 2016'' और ''आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023'' में संशोधन किया गया है। कैदियों के साथ जाति आधारित भेदभाव पर उच्चतम न्यायालय के तीन अक्टूबर, 2024 के आदेश के मद्देनजर ये बदलाव किए गए हैं। कारागार नियमावली में किए गए नए संशोधन के अनुसार, जेल अधिकारियों को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा कि कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर कोई भेदभाव, वर्गीकरण या अलगाव न हो।

इसमें कहा गया है, ''यह सख्ती से सुनिश्चित किया जाएगा कि जेलों में किसी भी ड्यूटी या काम के आवंटन में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो।'' आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023 के 'विविध' में भी बदलाव किए गए हैं, जिसमें धारा 55(ए) के रूप में नया शीर्षक 'कारागार एवं सुधार संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव का निषेध' जोड़ा गया है। गृह मंत्रालय ने यह भी कहा कि ''हाथ से मैला उठाने वालों के रूप में रोजगार का निषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013'' के प्रावधानों का जेलों एवं सुधार संस्थानों में भी बाध्यकारी प्रभाव होगा। इसमें कहा गया है, ''जेल के अंदर हाथ से मैला उठाने या सीवर या सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई की अनुमति नहीं दी जाएगी।''

# नए साल के उत्सव में संस्कृति से विपरीत आचरण से बचें : शर्मा





### संस्कृतभारती के शिविर में बच्चे सीख रहे संस्कृत और समझ रहे गीता

**उदयपुर (पुकार)।** संस्कृतभारती के क्षेत्रीय शिक्षण प्रमुख राजेन्द्र शर्मा ने भारतीय संस्कृति और कालगणना के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि उत्सव कैसा भी हो, चाहे वह अंग्रेजी का नया साल ही क्यों न हो, हमारी गतिविधियों में अपनी संस्कृति नजर आनी चाहिए, संस्कृति के विपरीत आचरण से बचना चाहिए। हर उत्सव को भारतीय परंपराओं के अनुरूप मनाना चाहिए।

वे बुधवार को यहां आलोक स्कूल फतहपुरा में चल रहे चित्तौड़ प्रांत के प्रांत स्तरीय आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारतीय कालगणना अत्यंत प्राचीन है और इसका नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाया जाता है। हम इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाते हैं, जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हालांकि वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी को नववर्ष मनाया जाता है, लेकिन इसका उत्सव हमारी भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं है। हमें इसे मनाने में उत्साह तो दिखाना चाहिए, लेकिन हमारी परंपराओं और संस्कृति के विरुद्ध कोई भी आचरण नहीं करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जश्न के नाम पर भूलकर हमें अपनी संस्कृति के अनुरूप ही आचरण करना चाहिए। यह संदेश शिविर के छात्रों और शिविरार्थियों को विशेष रूप से दिया गया, ताकि वे अपनी संस्कृति से जुड़कर सही दिशा में आचरण करें।

यह प्रबोधन वर्ग संस्कृतभारती द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 12 जिलों के 180 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिनमें 50 बालिकाएं भी शामिल हैं। यह शिविर 5 जनवरी तक चलेगा और पिछले पांच वर्षों के बाद उदयपुर में हो रहा है। शिविर में संस्कृत संभाषण, योगाभ्यास, गीता और रामायण का अध्ययन, और भाषा क्रीड़ा जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को संस्कृत का अभ्यास कराया जा रहा है। बुधवार को क्रीड़ा सत्र में बच्चों को संस्कृत भाषा को सरलता समझने के उद्देश्य से संस्कृत के खेल खेलाए गए। पत्राचार प्रमुख व आयोजक मंडल के मंगल कुमार जैन ने बताया कि शिविर में संस्कृत के माध्यम से भारतीय संस्कृति को समझने और उसे व्यवहार में उतारने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। गीता के शिक्षाओं पर विशेष सत्र आयोजित किए गए हैं, जिसमें शिविरार्थियों से गीता के गूढ़ अर्थों पर भी चर्चा की जा रही है। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में संस्कृत के प्रति रुचि और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान जागृत करना है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़कर अपने जीवन को और अधिक समृद्ध बना सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन उदयपुर में चलाएगा बेटी बचाओ-बेटी पढाओं नाम से बडी मुहिम

**उदयपुर (पुकार)।** जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन अब उदयपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढाओं के नाम से एक बडी मुहिम चलाने जा रहा है। यह अब तक की उदयपुर की सबसे बडी मुहिम होगी जिसमें महिलाओं को भी जोडा जाएगा।

जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बुधवार को नववर्ष के मौके पर इस मुहिम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि बुधवार को संगठन की बैठक में कार्यकर्ताओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओं मुहिम पर अपनी सहमति जाहिर की और इसको वृहद रुप में चलाने का भरोसा दिलाया। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस मुहिम में तन मन से साथ देंगे। उन्होंने बताया कि इस मुहिम को पूरे उदयपुर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चलाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा बेटियों को इसका फायदा मिल सके।

श्री बागडी ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढाओं की मुहिम आज की सबसे बडी जरुरत बनी हुई है। शिक्षित समाज होने के बावजूद आज भी कई क्षेत्रों में और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों को नहीं पढाया जा रहा है और बेटी पैदा होने पर झाडियों में अथवा नालियों में छोडी जा रही है। इस अभियान में अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर-बैनर लगवाकर लोगों को जागरुक करने का अभियान चलाया जाएगा।

जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संरक्षक निर्मल पंडित ने बताया कि बेटी बचाओ अभियान के तहत महिलाओं के संगठनों के माध्यम से महिलाओं को इस बात के लिए जागरुक किया जाएगा कि बेटी होने पर उसे अपनाए और बाद में इतना पढाए कि वह पूरे परिवार का गौरव बने। देश में अपना नाम कर चुकी बेटियों के संस्मरण और उनकी कहानियां महिलाओं और बेटियों को सुनाई जाएगी, ताकि वे उससे प्रेरित हो। इसी तरह बेटी पढाओ के अभियान में संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्ती-बस्ती यह पता करेंगे कि किन कारणों से बेटी स्कूल पढने नहीं जा रही। अगर आर्थिक कारण हुए तो संगठन की ओर से फीस भरकर उसे स्कूल में प्रवेश करवाया जाएगा। अगर अन्य कारण हुए तो परिवार से समझाइश की जाएगी। श्री पंडित ने बताया कि इस मुहिम में हम ऐसी बेटियों को भी शामिल करेंगे जिन्होंने बीच में ही पढाई छोड दी। इसका भी कारण पताकर उसका समाधान करेंगे। अगर पैसों की किल्लत से पढाई छोडी तो भामाशाह के माध्यम से उसे वापस स्कूल-कॉलेज में प्रवेश करवाएंगे।

**हेल्पलाइन जारी करेंगे :** संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि हम एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेंगे जिसके माध्यम से कोई भी महिला या बेटी संगठन से संपर्क कर सकेगी। इससे उनकी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी।

### चौबीसा समाज की खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी बैठक हुई आयोजित, दी जिम्मेदारियां



**कानोड़ (पुकार)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित नृसिंह वाटिका में चौबीसा समाज की खेलकूद प्रतियोगिता के निमित्त बैठक आयोजित की गई। चौबीसा समाज के सचिव भूपेंद्र जोशी ने बताया कि 4 जनवरी से मेवाड चौबीसा समाज की वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें भीण्डर, कानोड, नीमडी ,चारदीया ,खेरोदा, बांसी ,बोहेडा, हमेरपुरा, सेठवाना, बांसडा सहित आस- पास के गांव के समाजजन भाग ले सकेंगे। जोशी ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के लिए समाज के शारीरिक शिक्षक महेन्द्र जोशी ,दिनेश व्यास, लीला शंकर, विजय प्रकाश, कैलाश पुरोहित को जिम्मेदारी दी गई। भोजन व्यवस्था के लिए शिव नारायण पुरोहित, भूपेंद्र जोशी, मनिष उपाध्याय, दीपक व्यास को प्रभार सौंपा गया। पूरी व्यवस्था ठीक से संचालित हो इसलिए समाज के प्रत्येक युवा की सहभागिता तय की गई। खेलकूद प्रतियोगिता के साथ रात्रिकालीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा जिसमें मंच स्तर की व्यवस्था के लिए कथाकार राजेन्द्र व्यास को प्रभारी बनाया गया। बैठक में प्रतियोगिता की नियमावली भी तय की गई।

### विद्या संबल योजना : टीएडी के विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में अनुभवी विशेषज्ञ देंगे कोचिंग

**उदयपुर (पुकार)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में विद्या संबल योजना के तहत गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों की कोचिंग अनुभवी विशेषज्ञ व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी के रुप में कराई जाएगी। विभाग के अतिरिक्त आयुक्त गीतेश श्री मालवीय ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभागीय छात्रावासों में विद्या संबल योजनान्तर्गत गेस्ट फैकल्टी प्रक्रिया 12 जनवरी से प्रारम्भ की जानी है। इसके लिए प्रति छात्रावास राशि 75000 रुपये बजट का प्रावधान है। विभागीय निर्देशानुसार आवंटित राशि से अधिक का व्यय नही किया जाए और आवंटित राशि का उपयोग 31 मार्च 2025 से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें। मावलीय ने बताया कि कक्षा 9 व 10 के लिए अधिकतम 350 रुपये प्रति घण्टा तथा कक्षा 11 व 12 के लिए अधिकतम 400 रुपये प्रति घण्टा भुगतान किया जा सकेगा एवं रविवार के अवकाश में कोचिंग मानदेय देय नहीं है। प्रत्येक छात्रावास में कोचिंग का समय सायंकाल 5.30 बजे से 7.30 बजे तक रखा जावे। प्रत्येक छात्रावास की कोचिंग की फोटो प्रतिदिन हॉस्टल के व्हाट्सएप्प ग्रुप पर डाला जाना सुनिश्चित किया जावे।

### नव वर्ष शुभागमन पर भक्तामर महा- अनुष्ठान में उमड़ा हुजुम






**उदयपुर (पुकार)।** शहर के अम्बा माता स्थित महावीर स्वाध्याय-साधना भवन में नव्य वर्ष शुभागमन पर शासन श्री मुनि सुरेश कुमार, मुनि सुव्रत के सान्निध्य में भक्तामर महा अनुष्ठान व वृहद मंगलपाठ के आयोजन में आस्था का हुजूम उमड़ पड़ा।

इस अवसर पर प्रेरणा प्रदान करते हुए शासन श्री मुनि सुरेश कुमार ने कहा- स्वयं, असंतवृद, जैन समाज जिन क्षणों को अलविदा कहा के प्रति शुभाशंसा करते हुए कहा- है उन्हे आत्मा से से भुलकर आगे बढ़े। परिवार का सुरक्षा तंत्र मजबुत बनाएं, खान-पान की शुद्धि, बनाए रखे यही नए वर्ष की उपलाधि हो।

मुनि सुव्रत कुमार ने कहा- ये जीवन है, फुल भी है कोरे भी है। सुरखी होने का छोटा सा मंत्र है-संकल्प शक्ति को फौलादी बनाए। हम सहा याद रखे कि हमारी मंजिल कहा- है। हमें पता हो कि हमें जाता कहा है। नव वर्ष पर यही शपथ हो कि मुझे ढूँढना है कि मुझे सुखी होना है ।

मुनि संबोध कुमार मेधांश ने चारदिशाओं में लोगस, आदिनाथ स्तोत्र (भक्तामर) अनुष्ठान, नवकार मंत्र का अनुष्ठान करवाते हुए कहा- अतीत के केलेंडर की तरह जिन्दगी से अनचाही आदतों को उतार दे यही नए वर्ष के आगमन का सार्थक अभिनंदन है।

इस अवसर पर महावीर स्वाध्याय व साधना समिति अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा अध्यक्ष कमल नाहटा ने भावपूर्ण विचारो से नववर्ष की शुभकामनाए प्रेषित की।

# बीकानेर के प्रसिद्ध समाजसेवी नाहटा की स्मृति में जारी होगा 25 रुपए का स्मारक सिक्का




**उदयपुर (पुकार)।** सम्पूर्ण जैन समाज में वह व्यक्तिव आज किसी परिचय का मोहताज नहीं, जिसके सामाजिक अवदान और उदारता का परिणाम है कि आज भारत सरकार ने उनके 25वें स्मरणोत्सव पर 25 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करने का फैसला किया है । हम बात कर रहे हैं वर्ष 1936 में बीकानेर के एक प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे हरखचंद नाहटा की।

हरखचंद नाहटा एक सामाजिक नेता और परोपकारी उद्यमी थे। जीवनभर देशभर की अनगिनत शीर्ष सामाजिक और धार्मिक संस्थानों के कार्यों में सक्रिय रूप से सम्मिलित होकर सामाजिक कल्याण,धर्म ,कला - संस्कृति और जीव दया के प्रचार प्रसार व सार्वजनिक सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे अपने पैतृक व्यावसायिक क्षेत्रों में विविधता लाए। उन्होंने आदिवासियों के जीवन की विकट चुनौतियों का समाधान करने एवं आर्थिक विकास को गति देने के लिए पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के धर्मनगर शहर से अगरतल्ला तक सड़क बनाने जैसी भगीरथी पहल की।

कला और संस्कृति के प्रति उनके समर्पण को तब दुनिया ने देखा जब 'टेक्नीशियन स्टूडियो कोलकाता' तंगी और बदहाली के कारण जब बंद होने की कगार पर था तब नाहटा ने इसमें कदम रखा तथा दृढ़ इच्छाशक्ति और अपने कुशल प्रबंधन से इसे पुनर्जीवित कर इसे एक सफल उद्यम में रूपांतरित किया। नाहटा के प्रबंधन के बाद इस स्टूडियो में कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों का निर्माण हुआ ।

उल्लेखनीय है कि उन्होंने सिने टेक्नीशियनों और कलाकारों को बिना पैसे लिए इसमें भागीदार बनाया और उनके विकास को प्रोत्साहित किया।

साहित्य ,कला और संस्कृति में योगदान के लिए प्रसिद्ध बीकानेर के प्रतिष्ठित नाहटा परिवार के पास प्राचीन पांडुलिपियों और कलाकृतियों का निजी संग्रह है।

हरखचंद नाहटा के सम्मान में उनकी 10वीं पुण्यतिथि पर भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा वर्ष 1999 में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जा चुका है ।

इस सिक्के को जारी करवाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध मुद्रा विशेषज्ञ बीकानेर के सुधीर लुणावत के अनुसार भारत सरकार की मुंबई टकसाल द्वारा बनाए गए इस 25 रुपए के सिक्के का कुल वजन 40 ग्राम होगा जो शुद्ध चांदी का बना होगा । सिक्के की कुल गोलाई 44 मिलीमीटर होगी।

सिक्के के अग्र भाग पर हरखचंद नाहटा के चित्र के ऊपरी परिधि पर हिंदी तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में 'श्री हरखचंद नाहटा का 25वां स्मरणोत्सव' लिखा होगा । चित्र के दाएं और बाएं उनके जीवनकाल को दर्शाने के लिए क्रमशः 1936 - 1999 लिखा होगा तथा चित्र के नीचे 25वें स्मरणोत्स का वर्ष 2024 अंकित होगा।

वहीं सिक्के के दूसरी तरफ अशोक स्तंभ के नीचे रुपए के प्रतीक चिह्न के साथ मूल्यवर्ग 25 लिखा होगा। इसके दाएं और बाएं हिंदी तथा अंग्रेजी में भारत लिखा होगा । इस सिक्के को जारी करने के संबध में 31 मार्च 2024 को भारत वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने गजट अधिसूचना भी जारी कर दी है। अब 2 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी के दिन बीकानेर में इस 25 रुपए के स्मारक सिक्के का अनावरण होगा ।

## उदयपुर केटरिंग डीलर्स समिति का कैलेंडर विमोचन कल



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर केटरिंग डीलर्स समिति उदयपुर की ओर से 3 जनवरी 2025 को बड़ी स्थित रस्म रिसोर्ट में साल 2025 के आकर्षक रंगीन कैलेंडर का विमोचन एवं स्नेह मिलन का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष कमल गुर्जर ने पत्रकारों को बताया कि कैलेंडर में समिति से जुड़े पदाधिकारी, सदस्यों के टेलीफोन नंबर, महत्वपूर्ण जानकारी और विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं।जिससे कि सभी व्यापारी आपस में एक दूसरे से जुड़ पाए।

समिति के सचिव नरेश बंदवाल ने बताया कि कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रमोद सामर, पूर्व राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली, हिंदू जागरण मंच चित्तौड़ प्रांत रविकांत त्रिपाठी, हाडौती हलवाई कैटरर्स एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष अन्नू अग्रवाल मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर कैटरिंग डीलर समिति के अध्यक्ष मनोज सेवानी करेंगे। कैलेंडर विमोचनकर्ता विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम शाम 6:00 बजे आयोजित होगा जिसमें कैलेंडर से जुड़े विज्ञापन दाता, पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान भी किया जाएगा इसके साथ ही समिति द्वारा सरकार एवं प्रशासन से जुड़ी कुछ मांगे हैं, उनको भी इस मंच के माध्यम से उठाया जाएगा।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती कल

**उदयपुर (पुकार)।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के जन्म जयंती 3 जनवरी को उदयपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी। सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट के प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि सावित्रीबाई फुले के जन्म जयंती 3 जनवरी को मोहनलाल सुखाड़िया रंग मंच टाउन हॉल, उदयपुर में प्रातः 11 बजे से मनाई जाएगी। समारोह में महिला शिक्षिका को सम्मानित किया जाएगा। सावित्रीबाई फुले जयंती सामाजिक आधिकारिता एवं न्याय विभाग ,सर्व ओबीसी समाज महा पंचायत ट्रस्ट एवं सावित्री बा फूले पर्यावरण एवं शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मनाई जाएगी। सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट के संस्थापक दिनेश माली ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार, चुन्नीलाल गरासिया राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री ,अध्यक्ष जोगाराम कुमावत पशुपालन ,डेयरी एवं देव स्थान मंत्री राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि उदय लाल डांगी वल्लभनगर विधायक एवं संरक्षक सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट , विशिष्ट अतिथि वासुदेव मालावत आयुक्त, देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार, मोतीलाल सांखला राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति बा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच, अरविंद पोसवाल जिला कलेक्टर उदयपुर एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुधा चौधरी मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर होंगे।

दिनेश माली ने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। उन्होंने अपने जीवन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक सुधार के कई कार्य किये। सावित्रीबाई फुले ने बाल विवाह छुआछूत और जाति भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और महिला शिक्षा के लिए अनेक स्कूल स्थापित किये। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं शिक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया। उनके योगदान को यादगार बनाने के लिए जन्म जयंती को शिक्षिका सम्मान समारोह के रूप में 3 जनवरी को उदयपुर में मनाया जाएगा।

# महाराणा फतहसिंह की 175वीं जयन्ती मनाई



**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ के 73वें एकलिंग दीवान महाराणा फतहसिंह की 175वीं जयंती महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर की ओर से सिटी पेलेस म्यूजियम स्थित राय आंगन में उनके चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्जवलित किया गया तथा आने वाले पर्यटकों के लिए उनकी ऐतिहासिक जानकारी प्रदर्शित की गई। महाराणा का जन्म पौष शुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत 1906 (वर्ष 1849 ई.) को हुआ था। महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मयंक गुप्ता ने बाताया कि महाराणा फतहसिंह असाधारण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी शरणागतवत्सलता प्रसिद्ध थी। महाराणा फतहसिंह एकमात्र ऐसे महाराणा थे, जिन्होंने 1903 और 1911 ई. में दो बार दिल्ली दरबार में भाग नहीं लिया, लेकिन ब्रिटिश सरकार के साथ अच्छे संबंध भी बनाए रखे। 1887 ई. में उन्हें जी.सी.एस.आई. की उपाधि प्रदान की गई। प्रथम युद्ध के दौरान महाराणा फतहसिंह ने मेवाड़ रीसाला की स्थापना की, जो बाद में मेवाड़ लांसर्स में परिवर्तित हुआ।

महाराणा ने लगभग अपने 45 वर्षों तक अदम्य उत्साह, मनोयोगपूर्वक अपने विचारों के अनुकूल निरापद राज्य किया। वे प्रतिवर्ष साधु संतों एवं विद्वानों के आदर-सत्कार में सहस्त्रों रुपये खर्च करते थे। उन्होंने अपने सुशासन काल में परम बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए सामुदायिक विकास, सिंचाई व्यवस्था तथा वन-संवर्द्धन आदि महत्ता के कारण वे मेवाड़ के अपराजेय और प्रतापी महाराणा कहलाये।

मेवाड़ की समृद्धि के लिये नदियों तालबों के रख-रखाव के साथ ही महाराणा ने उदयपुर के उत्तर की ओर देवाली गांव के पास का छोटा तालाब सन् 1795 की अतिवृष्टि से पूर्ण रूप से नष्ट हो गया था, का सन् 1889 में पुनः निर्माण करवाकर झील का स्वरूप दिया गया। जिसका नाम फतह सागर रखा गया। आहड़ नदी को फतह सागर से जोड़ने वाली चिकलवास नहर का निर्माण महाराणा फतहसिंह जी के शासन काल सन् 1890 में किया गया। विश्व में पहली बार आज से लगभग 134 वर्ष पूर्व तत्कालीन महाराणा फतहसिंह जी ने चिकलवास नहर में 13 अगस्त सन् 1890 में पानी प्रवाहित करवाकर नदी सगंम परिकल्पना को जन्म दिया अतः हम कह सकते है कि मेवाड़ ही विश्व में एकमात्र ऐसा राज्य रहा है जहाँ नदियों को आपस में जोड़कर नदी संगम परिकल्पना विश्व के समक्ष प्रस्तुत की गई।

महाराणा के शासनकाल में बनवाये महल एवं भवन आदि तत्कालीन निर्मित शिवनिवास पैलेस, फतेह प्रकाश पैलेस, प्रसिद्ध दरबार हाल तथा चित्तौड़गढ़ का फतेह प्रकाश महल आदि निर्माण कला के अनुपम अनुकृतियां हैं, उन्होंने अनेक नये भवनों का निर्माण तथा प्राचीन स्मारकों को जीर्णोद्धार भी करवाया। जो उनकी निर्माण-कुशलता प्रियता एवं सुरुचि की परिचायक है। महाराणा कलाप्रेमी होने के साथ-साथ चित्रकारों के भी बड़े प्रशंसक थे। तथा वे वास्तुकला को भी बहुत प्रोत्साहन देते थे।

# बाराबंकी के मानस मर्मज्ञ संत भगवान दास उदयपुर पहुंचे

### शिविर संयोजक डॉ.छापरवाल से की चर्चा, अगले शिविर के लिए 21 को रवाना होगा चिकित्सकों का दल



**उदयपुर (पुकार)।** लगातार 44 वर्षो से पीड़ित मानवता की निस्वार्थ एवं निःशुल्क सेवा के लिए प्रसिद्ध स्थल बाराबंकी के मानस मर्मज्ञ संत श्री भगवानदास महाराज उदयपुर पहुंचें। उन्होंने शिविर संयोजक और वरिष्ठ फ़िजिशियन डॉ. जे.के.छापरवाल से मुलाकात की और चिकित्सा सेवा के संकल्प को मूर्त रूप देने वाले सभी चिकित्सकों के सहयोग की सराहना की । इस मौके पर उन्होंने डॉ. छापरवाल से आगामी शिविर के संबंध में चर्चा की। छापरवाल ने बताया कि विगत 44 वर्षों से आश्रम स्थित ऑपरेशन थियेटर में मोतियाबिंद, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, रसौली, बच्चेदानी का ऑपरेशन किये गये है और सेवा का यह प्रकल्प आगे भी जारी रहेगा जिसमे विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं ली जाकर निःशुल्क सेवाएं दी जाएगी। डॉ. छापरवाल ने बताया कि आगामी शिविर के संबंध में आवश्यक तैयारियों कर ली गई है। आगामी शिविर के लिए दल 21 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे उदयपुर के बी.एन कॉलेज प्रांगण से बस द्वारा प्रस्थान करेगा। इसके अतिरिक्त अन्य दल दो चरणों रेलमार्ग द्वारा रवाना होंगे। यहां बनने वाले अस्थाई ऑपरेशन थियेटर में 6 ओटी टेबल पर पूर्व चयनित एवं संबंधित जाँच, प्रीओपरेटिव जाँचे कर लगभग 3000 ऑपरेशन कर रोगियों को राहत दी जाएगी।



अर्बन स्केचर्स की अनूठी पहल

# ओल्ड सिटी में मिड नाइट स्केच वॉक से किया नव वर्ष का स्वागत

**उदयपुर (पुकार)।** कला, साहित्य और शिल्प-वैशिष्ट्य की धरा लेकसिटी उदयपुर में युवा स्केचर्स के समूह की इस वर्ष की अंतिम स्केच मीट मंगलवार की रात्रि में ओल्ड सिटी में आयोजित हुई। कश्ती फाउण्डेशन और अर्बन स्केचर्स वैश्विक समूह के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के दो दर्जन से अधिक युवा स्केचर्स ने जगदीश मंदिर से दाइजी की पुलिया तक मिड नाइट स्केच वॉक कर नये वर्ष 2025 का स्वागत किया। इस दौरान स्केचर्स ने स्केच भी बनाए और गणगौर घाट पर अपने स्केच का प्रदर्शन किया।

युवा चित्रकारों को संबोधित करते हुए अर्बन स्केचर्स प्रमुख और ख्यातनाम वास्तु विशेषज्ञ सुनील एस. लड्ढा ने युवाओं की स्केचिंग के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की और स्केचिंग को स्वांत सुखाय कला का एक प्रतीक बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से कलाकार मानसिक संतुष्टि के लक्ष्य को अर्जित करता है। उन्होंने कहा कि कलाकार अपनी कल्पनाओं और यथार्थ का समन्वय करते हुए कला सर्जना करता है। कश्ती फाउण्डेश की श्रद्धा मुर्डिया ने युवा कलाकारों का स्वागत करते हुए लेकसिटी में गत वर्ष भर में हुई स्केच वर्कशॉप, स्केच वॉक को कला सर्जना और प्रतिबद्धता का सराहनीय कार्य बताया। उन्होंने मेवाड़ के कला व कलाकारों की पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए हम सदैव प्रतिबद्ध है। इस मौके पर प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी, चित्रकार राहुल माली, नीलोफर मुनीर और बड़ी संख्या में स्केचर्स मौजूद रहे।

## अवैध सीवर/जल कनेक्शन हेतु रोड कटिंग पर अब होगी कार्यवाही

**संवाददाता पुकार**

**सुमेरपुर।** बुधवार को प्रशासक महोदय नगरपालिका सुमेरपुर द्वारा अवैध रोड कटिंग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जिस पर अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित द्वारा पालिका कनिष्ठ अभियंता ललित भारद्वाज एवं स्वास्थ्य निरीक्षक यशवन्त परिहार को आदेशित किया गया कि पालिका क्षेत्र में बिना स्वीकृति सीवर/जल कनेक्शन हेतु रोड कटिंग करने वालों के खिलाफ आपराधिक कृत्य मानते हुए प्राथमिकता दर्ज कराने की कार्यवाही करें एवं आमजन को सूचित करें कि आवसीय/वाणिज्यिक परिसर में सीवर/जल कनेक्शन करवाने से पूर्व नगरपालिका से नियमानुसार रोड कटिंग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

## त्रिस्तरीय जनसुनवाई 'अटल जन सेवा शिविर' आयोजन होगा

**संवाददाता पुकार**

**सिरोही।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ.दिनेश राय सापेला ने बताया कि जनवरी माह के प्रथम गुरुवार (02 जनवरी) को ग्राम पंचायत स्तरीय प्रातः 11 बजे से, द्वितीय गुरुवार (09 जनवरी) को उपखंड स्तरीय प्रातः 10 बजे से तथा तृतीय गुरुवार 16 (जनवरी) को जिला स्तर पर (सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे) आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में 'अटल जन सेवा शिविर' आयोजित किए जाएंगे।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित

**संवाददाता पुकार**

**सिरोही।** युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार के स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केन्द्र, सिरोही द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन हेतु इच्छुक युवा मंडलों से 05 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि इस वर्ष में 4 ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जानी है जिसमें प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में 4 एकल श्रेणी के खेल एवं 2 समूह खेलों का आयोजन दो दिनों में किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करेंगे तत्पश्चात जिला स्तरीय विजेता इस बार आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। ब्लॉक स्तर के समूह खेल में विजेता टीमों को खेल किट नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रदान की जाएगी। इच्छुक युवा मंडल/ खिलाड़ी/ टीम केंद्र कार्यालय ई–मेल dyc.sirohi@gmail.com अथवा दूरभाष या व्यक्तिगत संपर्क कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हुई विभिन्न कार्यवाही




**संवाददाता पुकार**

**सिरोही।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। 'परवाह' थीम के साथ आयोजित किए जा रहे इस अभियान के तहत जिले में बुधवार को अभियान के पहले दिन विभिन्न कार्यवाही की गई साथ ही ट्रेफिक नियमों की जानकारी देने एवं हेलमेट पहनने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार भी किया गया। डीटीओ रजनीश विद्यार्थी ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान अन्तर्गत बुधवार को शाम 5 बजे तक परिवहन निरीक्षक पुष्पेन्द्र शर्मा द्वारा सीट बेल्ट नही पहनने वाले वाहन चालक 1, बिना हेलमेट वाले 3, बिना रिफलेक्टर के 1 एवं विदाउट साईड अंडर रन प्रोटेक्शन डिवाइश 1 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई साथ ही 82 वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाई गई। परिवहन विभाग सिरोही द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सिरोही शहर के विभिन्न कार्यालयों/सार्वजनिक स्थलों व बाजार में सड़क सुरक्षा के अभी तक 73 पोस्टर/बैनर लगाए गए।

# नव वर्ष पर गोवंश में लापसी का किया वितरण एवं मंदबुद्धि बच्चों को कराया मीठा भोज



**पुकार संवाददाता**

**शिवगंज।** सनातन धर्म महिला सेवा समिति शिवगंज सुमेरपुर के तत्वाधान में बुधवार की सुबह 10:00 शिवगंज गौशाला में गौ माता को महिला समिति एवं दानदाता के सहयोग से लापसी खिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेंद्र वर्मा व पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रजापत, ओ पी मेवाड़ा, गौशाला अध्यक्ष बाबूलाल परिहार एवं सचिव रवि शर्मा मुकुट अरोड़ा जितेंद्र राव महेंद्र सिंह आदि कई गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे। इन सभी का माला वह शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। जितेंद्र राव व महिला समिति द्वारा इसके बाद सभी ने मिलकर गौ माता को लापसी का वितरण किया। लापसी में सहयोग जितेंद्र राव का रहा 100 किलो दलिया 81 किलो गुड़ व 35 किलो तेल की गौ माता के लिए लापसी बनाई गई। नव वर्ष की सुबह महिला मंडल द्वारा मंद बुद्धि विद्यालय पहुंचकर सभी बच्चों को नए साल पर गर्म दूध व फिणी रूप में अल्पाहार करवाया गया। विद्यालय प्रभारी गुलाबचंद टेलर, प्रकाश चौधरी एवं व्यवस्थापिका मनीषा



वैष्णव ने महिला समिति की महिलाओं का आभार व्यक्त किया। प्रभारी टेलर के द्वारा मंदबुद्धि बच्चों के दिनचर्या एवं विद्यालय का महिला मंडल की सदस्यों को निरीक्षण करवाया गया। इस दौरान उषा अग्रवाल हस्तु खंडेलवाल मंजू माली पुष्पा सोनी, शशि गुप्ता गुड़िया अग्रवाल नर्मदा रावल पुष्पा अग्रवाल, इंदु मौर्यवंशी उषा गोयल शकुंतला अग्रवाल आदि उपस्थित रहें।

# सीएमएचओ कुमार ने किया मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का निरीक्षण

**पुकार संवाददाता**

**सिरोही।** प्रदेश के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव–गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सिरोही ब्लॉक के



पीएचसी मोहब्बतनगर, पिंडवाड़ा ब्लॉक में पीएचसी नितोड़ा पर शिविर आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने पिंडवाड़ा ब्लॉक में पीएचसी नितोड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ (परिवार कल्याण) डॉ.चन्दन सिंह, बीसीएमओ डॉ.भूपेन्द्रप्रताप सिंह मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में सैकड़ों मरीजों ने उपचार के लिए पंजीकरण हुआ। शिविरों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, योग्य दम्पति जिन्हें परिवार कल्याण के साधन उपलब्ध करवाए गए। मधुमेह, रक्तचाप, नाक–कान व गला के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त अन्यों को भी जांच एवं उपचार दिया गया।

इन शिविरों में कई प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध रही। यह शिविर 31 जनवरी 2025 तक चलेंगे। सप्ताह में मंगलवार, बुधवार व शुक्रवार को शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) शुगर, बीपी, कैंसर, टीबी, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 30 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के रक्त, आंखों की जांच, मोतियाबिंद की पहचान और ऑपरेशन व चश्मों के हेतु परामर्श, निक्षय पोषण योजना में वंचित मरीजों के बैंक खाते को पोर्टल पर अपडेट करने, कुपोषित, कुष्ठ रोगी की पहचान आदि सेवाएं मुहैया कराई गई। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार ने शिविर स्थल पर सभी काउंटर चैक किए गए। शिविर में ई–संजीवनी पोर्टल पर ई–कंसलटेंसी का कार्य किया जा रहा था। आभा आईडी जनरेट करवाई जा रही थी। साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने मेडिकल टीम को निर्देशित किया गया है कि शिविर से तीन दिन पहले गतिविधि शुरू की जाए। टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण सहित अन्य कार्य शत प्रतिशत पूरा किया जाए। शिविर के दौरान इसे अंतिम रूप दिया जाए।

# भटाना में शिविर आयोजित, 600 मरीजों में 199 का शुगर-बीपी जांचा, ईकेवाईसी की

**पुकार संवाददाता**

**रेवदर।** समीपवर्ती भटाना कस्बे में बुधवार को सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें शिविर प्रभारी डॉ.ईश्वर सिंह मय चिकित्सा टीम ने आमजन के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान कुल 600 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की, जिसमें 199 मरीजों का बीपी व शुगर जांच कर निशुल्क इलाज किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों के टीकाकरण, दंत रोगों का उपचार, गांव में शिविर के दौरान उपस्थित डॉक्टरों की टीम। आयुष्मान कार्ड वितरण, जननी सुरक्षा योजना व लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को भुगतान, आयुष्मान आरोग्य वय वंदन योजना के



तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन की ईकेवाईसी करने सहित अन्य कार्य किए गए। इसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। शिविर की मॉनिटरिंग व चिकित्सा अधिकारी डॉ.हिमांशु, डॉ.ईश्वर सिंह की ओर से की गई। शिविर के दौरान चिकित्सक टीम सहित स्वास्थ्य कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे। वही सरपंच भवानी सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह राव, धीरा राम देवासी ढ़ीबड़ी, बलवंत सिंह, गणेश पुरोहित, गोविंद पुरोहित, प्रताप कुमार, सहित सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

# अंतिम भुगतान के दावे तैयार कर भिजवाएं

**पुकार संवाददाता**

**सिरोही।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक दिपेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन राज्य कर्मचारियो/ अधिकारियो की जन्म तिथि 01 अप्रेल 1965 से 31 मार्च 1966 हैं, उनकी राज्य बीमा पोलिसी 01 अप्रेल 2025 को अन्तिम भुगतान के लिए परिपक्व हो रही हैं। जिले के ऐसे समस्त कर्मचारियो/ अधिकारीयो को माह अप्रेल 2025 के प्रथम सप्ताह में राज्य बीमा पोलिसी का अन्तिम भुगतान अधिकृत किया जाना हैं। ऐसे कर्मचारियो/अधिकारियो को उनके मोबाईल पर एसएमएस/ वाट्एप द्वारा सूचित किया गया हैं। सहायक निदेशक ने बताया कि राज्य बीमा अन्तिम भुगतान दावो की प्रक्रिया को पेपरलेस बनाने के उददेश्य से स्वंय की एसएसओ आईडी से न्यु एसआईपीएफ पोर्टल पर ऑन लाइन आवेदन के साथ दस्तावेज यथा मुल पोलिसी, प्रथम कटौति से अन्तिम कटौति तक की प्रमाणित पास बुक, सेवाकाल का विवरण केन्सल चैंक या बैंक पासबुक प्रथम पेज स्केन कर अपलोड किया जाना हैं। उन्होंने जिले के समस्त आहरण वितरण अधिकारियो को उनके अधिन ऐसे कर्मचारियो/ अधिकारियो के राज्य बीमा पोलिसी के अन्तिम भुगतान के दावे तैयार कराकर 25 जनवरी 2025 तक आवश्यक रूप से राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सिरोही को भिजवाने को कहा है।

## राजस्थान एथेलेटिक्स टीम रांची के लिए रवाना



**संवाददाता पुकार**

**आबूरोड।** प्रधानाचार्य ललिता गोयल महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नागोरी गेट जोधपुर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय राजस्थान एथेलेटिक्स टीम का पूर्व प्रशिक्षण शिविर स्थानीय विद्यालय में 27 दिसंबर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक आयोजित हुआ जिसमें 52 प्रतिभागियों को चयनित किया गया जो की 05 जनवरी 2025 से 08 जनवरी 2025 तक रांची झारखंड में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेगी इनके साथ मोहन चौधरी देव कुंवर सोनी गोविन्द सिंह राणावत राजदीप सिंह, रज्जाक मोहम्मद, हरप्रीत कौर आदि रवाना हुए इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी ओम सिंह राजपुरोहित, सुमित्रा पंवार, (उपजिला शिक्षाधिकारी शारीरिक शिक्षा) ललिता गोयल, (प्रधानाचार्य) हापुराम चौधरी, (प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ) व पुष्पा चारण आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर टीम को रवाना किया।

## डॉ. आनंद सेजरा ने संभाला पशुपालन निदेशक का कार्यभार

**संवाददाता पुकार**

**जयपुर।** डॉ. आनंद सेजरा ने बुधवार को पशुपालन विभाग के निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर शासन सचिव डॉ.समित शर्मा ने डॉ सेजरा को बधाई दी। डॉ. सेजरा ने 1992 में आरपीएससी से चयनित होकर पशुपालन



विभाग में अपनी सेवा की शुरूआत की। इसके बाद 1996 में सीधी भर्ती से सहायक निदेशक के पद पर चयनित हुए। पशुपालन निदेशालय में लंबे समय से कार्यरत डॉ.सेजरा ने कई महत्वपूर्ण अनुभागों का दायित्व बहुत कुशलता से संभाला है। वे आयोजना तथा विधानसभा मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। वर्तमान में कई अनुभागों के दायित्व के साथ साथ आरएलडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यभार भी डॉ. सेजरा के पास है। कार्यभार संभालते हुए डॉ.सेजरा ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकां के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रही है। विकसित और समृद्ध राजस्थान बनाने तथा विभाग को एक नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए पशुपालन विभाग अपना भरपूर प्रयास करेगा। उन्होंने विभाग के सभी कार्मिकों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए नए साल में नई ऊर्जा के साथ काम करने का आग्रह किया। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ.सेजरा को निदेशक पद का कार्य भार ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामना दी।

## अटल विहार एवं गोविन्द विहार आवासीय योजनाओं में 20 लाख रूपये से अधिक आय वर्ग के आवेदक भी कर सकेंगे आवेदन

**पुकार संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अटल विहार एवं गोविन्द विहार आवासीय योजनाओ में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इन योजनाओ में एच.आई.जी.श्रेणी के अनारक्षित भूखण्डों हेतु सकल वार्षिक आय सीमा रू. 20 लाख प्रति वर्ष से अधिक आय वाले आवेदक भी आवेदन के पात्र हैं। शेष शर्तें यथावत रहेंगी। जेडीसी ने बताया कि जविप्रा द्वारा जोन–12 में कालवाड़ रोड पर चक पीथावास उर्फ नारी का बास में अटल विहार आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में ऑनलाईन आवेदन दिनांक 18.12.2024 से 17.01.2025 तक आमंत्रित किये गये हैं जिसमें कुल 284 भूखण्ड है। अटल विहार आवासीय योजना योजना की लॉटरी 29.01.2025 को निकाली जायेगी।

## अन्य प्रदेशों के सहकारी कानूनों के प्रभावी प्रावधानों का होगा समावेश

**पुकार संवाददाता**

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश में सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता स्थापित करने एवं त्वरित कार्य निष्पादन के लिये नये सहकारी कोड में प्रावधान किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रदेश में सहकारिता को सर्वसुलभ बनाते हुये इसके सहज एवं स्वतः विस्तार को सुनिश्चित करना है। प्रदेश का कोई भी नागरिक सहकारिता के माध्यम से मिलने वाले लाभ से वंचित नही रहना चाहिये इसके लिये सहकारी कानून में समयबद्ध सीमा में सदस्यता प्रदान करने का प्रावधान किया जावे। सहकारिता विभाग के अधिकारियों सहित अभिभाषकों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ अपेक्स बैंक में आयोजित ब्रेन स्टॉर्मिंग बैठक में सहकारिता मंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, गुजरात सहित मध्यप्रदेश राज्यों के सहकारी कानूनों का अध्ययन कर सहकारिता प्रसार के लिये युक्तियुक्त प्रावधानों का राजस्थान के परिपेक्ष्य में उनका मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गृह निर्माण सहकारी समितियों और क्रेडिट सहकारी सोसाइटियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता स्थापित करने के लिये प्रावधानों पर विचार किया गया। इसके लिये संबंधित विभागों के प्रावधानों और सहकारिता की भूमिका के मध्य सामंजस्य स्थापित करते हुये कोऑपरेटिव कोड में अध्याय जोड़े जायेंगे।

## लोकायुक्त ने 36 वां वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल को किया प्रस्तुत

**संवाददाता पुकार**

**जयपुर।** लोकायुक्त, राजस्थान न्यायमूर्ति प्रताप कृष्ण लोहरा ने 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक की अवधि का 36 वां वार्षिक प्रतिवेदन, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को प्रस्तुत किया। जस्टिस लोहरा के कार्यकाल का यह चौथा वार्षिक प्रतिवेदन है। लोकायुक्त सचिवालय में 1 जनवरी 2024 को 4041 परिवाद लम्बित थे तथा वर्ष 2024 में कुल 2068 नवीन शिकायते प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 6109 परिवादों में से 2311 परिवादों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर गुणावगुण के आधार पर निस्तारण किया गया। प्रतिवेदनाधीन अवधि में लोकायुक्त सचिवालय द्वारा जांच/ अन्वेषण उपरान्त कई प्रकरणों में यह पाया गया कि कई लोकसेवकगण ने अपने कर्तव्यों और दायित्वों के निर्वहन में भ्रष्ट आचरण, अधिकारों का दुरूपयोग और अकर्मण्यता कारित की थी। अतः लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 के तहत, ऐसे 26 दोषी कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु उनके संबंधित सक्षम प्राधिकारियों को सिफारिश की गई। इसके अलावा 184 लोकसेवकों द्वारा भ्रष्टाचार, गंभीर लापरवाही, दायित्वहीनता व पद के दुरूपयोग का मामला प्रकाश में आने पर उनके विरूद्ध लोकायुक्त सचिवालय के हस्तक्षेप उपरान्त संबंधित विभागों द्वारा सीसीए नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई गई।

उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त लोकसेवकों से लगभग 5.45 करोड़ रूपये की वसूली कर राजकोष में जमा करवाई है। प्रतिवेदन अवधि में लोकायुक्त के समक्ष एक ऐसा महत्वपूर्ण प्रकरण भी आया जिसमें मुख्यतः वन भूमि पर किये गये अतिक्रमण की शिकायत थी, किन्तु लोकायुक्त जांच में यह सामने आया कि लोकसेवकों द्वारा मिलीभगतपूर्वक भ्रष्टाचार कारित कर राजकोष को लगभग 17.85 करोड़ की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। इस कृत्य में लिप्त लोकसेवकों के विरूद्ध न केवल अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है अपितु इस राशि की वसूली की कार्यवाही भी प्रक्रियाधीन है।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय समर्थ लाल मीणा को विधानसभा में पुष्पाजंलि



**संवाददाता पुकार**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय समर्थ लाल मीणा को उनकी जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित की। पूर्व विधायक नवरंग सिंह, विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, उप सचिव संजीव शर्मा, सुशील शर्मा, स्वर्गीय मीणा के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय मीणा 24 जुलाई 1998 से 04 जनवरी 1999 तक राजस्थान विधानसभा के 12वे अध्यक्ष रहे।

### विधानसभा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के निधन पर देवनानी ने विधान सभा में घोषित किया आधे दिवस का अवकाश

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गोपाल सिंह का हृदय आघात से हुये आकस्मिक निधन पर विधानसभा में आधे दिवस का अवकाश घोषित किया। देवनानी ने गोपाल सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

# सम्पादकीय

## समय प्रबंधन

कैलेंडर की बदलती तारीखों के साथ हम वर्ष 2025 में प्रवेश कर चुके हैं। वास्तव में यह अवसर आत्मसमीक्षा का अवसर है। इस अवसर पर अधिकांश लोग कुछ नए संकल्प लेते हैं, बुराईयों का त्याग करने का प्रण करते हैं, नई योजनाएं बनाते हैं और कुछ दिनों तक ये प्रयास जारी भी रहते हैं। हम सभी का इन संकल्पों के जरिये प्रयास रहता है कि इन पर अमल करते हुए हम अपने जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव ला सकें लेकिन दृढ़संकल्प के अभाव में कुछ दिनों में ही हम पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं, यानी हमारे सारे संकल्प, सारी योजनाएं विफल हो जाती हैं। उदाहरण के रूप में यदि हम धूम्रपान के आदी हैं तो एक ही बार में धूम्रपान का त्याग करने की कोशिश करने के बजाय धूम्रपान की मात्रा में धीरे-धीरे कमी करते जाएं और इस सीमा तक पहुंच जाएं कि धूम्रपान का त्याग करना हमारे लिए कोई मुश्किल काम न रह जाए। इसी प्रकार अगर हम रोज प्रात: 7 बजे के करीब सोकर उठते हैं और संकल्प लेते हैं प्रात: 4 बजे उठने का तो हम दो-चार दिन भले ही मन मारकर 4 बजे उठ जाएं, पर उसके बाद हमारा यह नियम टूट ही जाएगा। इसलिए एकदम से 4 बजे उठना शुरू करने के बजाय यदि हम उठने के समय में धीरे-धीरे आधे-आधे घंटे की कमी करते जाएं तो फिर देखिए, कुछ ही दिनों में ऐसा चमत्कार होगा कि हमारी आंतरिक घड़ी हमें खुद-ब-खुद निर्धारित समय पर जगा देगी।

जिस प्रकार कोई बुरी आदत छूटने में समय लगता है, उसी प्रकार नई आदतें विकसित होने में भी समय लगता है। कोई भी नए संकल्प लेने से पहले अपने अंदर की कमजोरियों, अपने गुणों-अवगुणों को पहचानें और इनकी समीक्षा करें। अपनी गलतियों, असफलताओं या कमजोरियों के लिए दूसरों पर दोषारोपण करने के बजाय एक-एक कर उन्हें सुधारने का प्रयत्न करें। अपनी गलती स्वीकारना सीखें। अपनी गलतियां स्वीकारने से आप आत्मविश्लेषण तो कर ही सकेंगे, इससे आपको कुछ न कुछ नया सीखने को भी मिलेगा और आपका व्यक्तित्व भी निखरेगा। हर व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होता है, अत: दूसरों से भी कुछ अच्छी बातें सीखने का प्रयास करें। सफलता प्राप्ति एवं जीवन में उन्नति के लिए जरूरी है कि आपके जीवन में पारदर्शिता स्पष्ट झलके। जो कुछ आप कहें, उस पर अमल भी करते दिखाई दें। अगर आप दूसरों को उपदेश देते रहें और स्वयं उन पर अमल न करें तो लोग आपको संदेह की नजर से ही देखेंगे और आपकी बातों का भी उनकी नजरों में कोई महत्व नहीं होगा। यदि आपमें दूसरों की निंदा करने की आदत है तो उसे छोडने का प्रयास करें क्योंकि अपनी इस आदत के कारण भी आप दूसरों की नजरों में गिर सकते हैं। आप स्वयं को दूसरों से किसी भी मामले में कम न समझें। अगर आपमें आत्मविश्वास है तो आप हर प्रकार की चुनौती का दृढ़ता से सामना कर सकते हैं और उस पर विजय पा सकते हैं। दूसरों के प्रति नकारात्मक सोच की प्रवृत्ति का त्याग करें।

# 2025 का ग्रैंड वेलकम टाइम्स स्क्वायर से बुर्ज खलीफा तक मना जश्न, कोपाकबाना बीच पर जुटे 20 लाख लोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड से लेकर अमेरिका तक, पूरी दुनिया ने साल 2025 का शानदार स्वागत किया। प्रमुख जगहों पर आतिशबाजी, लाइटिंग शो, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नए साल का जश्न मनाया गया।

दुनिया भर के अलग-अलग देशों में इस तरह से नए साल का स्वागत करते हुए, 2025 की शुरुआत एक नई उम्मीद और जोश के साथ हुई।

**अमेरिका और कनाडा :** ▸▸**टाइम्स स्क्वायर (अमेरिका):** टाइम्स स्क्वायर पर जोरदार आतिशबाजी और म्यूजिक कॉन्सर्ट के बीच लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर और बधाई देकर नए साल का स्वागत किया। ▸▸**नियाग्रा वॉटरफॉल (कनाडा):** यहां शानदार लाइटिंग और आतिशबाजी का आयोजन किया। ।

**ब्राजील:** ▸▸**कोपाकबाना बीच:** रियो डी जेनेरो के इस प्रसिद्ध बीच पर करीब 20 लाख लोगों ने आतिशबाजी और म्यूजिक के साथ नए साल का स्वागत किया।

कनाडा



**यूरोप :** ▸▸**ब्रिटेन:** लंदन में भारी बारिश के बावजूद छतरियां लेकर लोग जश्न मनाने पहुंचे। नॉर्थ इंग्लैंड में ऑलेंडेल टार बैरल फेस्टिवल के दौरान जलते बैरल और मशालों के साथ लोग सड़कों पर निकले। ▸▸**फ्रांस:** पेरिस के चैंप्स एलिसीज एवेन्यू पर हजारों लोगों ने आतिशबाजी का आनंद लिया। ▸▸**जर्मनी:** बर्लिन के ब्रैंडेनबर्ग गेट पर नए साल का उत्सव मनाया गया। ▸▸**स्पेन:** यहां लोगों ने परंपरा के अनुसार, 12 बजे रात में 12 अंगूर खाकर नए साल की शुभकामनाएं लीं।

### मध्य-पूर्व और एशिया

▸▸**यूएई:** दुबई के बुर्ज खलीफा पर शानदार लेजर शो और आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। ▸▸**भारत:** देशभर में ठंड के बावजूद लोगों ने नए साल का जोश और उत्साह के साथ स्वागत किया। मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। ▸▸**जापान:** परंपरा के अनुसार, बौद्ध मंदिरों में 108 बार घंटियां बजाई गईं। ▸▸**थाईलैंड:** बैंकॉक में आतिशबाजी और विशेष कार्यक्रमों के जरिए नए साल का स्वागत हुआ। ▸▸**सिंगापुर:** मरीना बे पर भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड** - ▸▸**सिडनी (ऑस्ट्रेलिया):** सिडनी हार्बर पर आतिशबाजी देखने के लिए लगभग 10 लाख लोग जुटे।

▸▸**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड):** स्काई टावर पर 10 सेकेंड के काउंटडाउन के बाद भव्य आतिशबाजी हुई।

**सीरिया-** ▸▸**दमिश्क:** बशर अल-असद के तख्तापलट के बाद पहली बार हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर नए साल का जश्न मनाया।



## देश में... मुंबई-दिल्ली से बेंगलुरु तक धूमधाम, लाल चौक पर उत्सव, वाराणसी में गंगा आरती के साथ विदाई

साल 2025 का स्वागत पूरे देश में जोश और उत्साह के साथ किया गया। इससे पहले, वाराणसी के दशाश्वमेध घाट और अयोध्या के सरयू घाट पर 2024 की आखिरी गंगा आरती की गई। ओडिशा के पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। वहीं, श्रीनगर के लाल चौक पर बड़ी संख्या में लोग नए साल के जश्न में शामिल हुए। दिल्ली के इंडिया गेट से लेकर मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया तक जश्न का माहौल था। दिल्ली की ठंड के बावजूद लोग उत्सव में भाग लेने घरों से बाहर निकले। साल 2025 का यह आगमन हर राज्य और शहर में अलग अंदाज में मनाया गया, जो देश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है।

### प्रमुख स्थानों पर जश्न की झलकियां...

▸▸**वाराणसी:** दशाश्वमेध घाट पर साल की आखिरी गंगा आरती।

▸▸**अयोध्या:** सरयू घाट पर भव्य आरती के साथ 2024 को विदाई।

▸▸**पुरी:** श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता।

▸▸**श्रीनगर:** लाल चौक पर नववर्ष का भव्य जश्न।

▸▸**अमृतसर:** गोल्डन टेंपल में मत्था टेककर लोगों ने नए साल का स्वागत किया।

▸▸**मनाली:** हिमाचल प्रदेश के मनाली में बर्फ के बीच गुब्बारे उड़ाकर जश्न।

▸▸**मुंबई:** मरीन ड्राइव पर रात 12 बजे पटाखों और रोशनी के साथ नए साल का स्वागत।

▸▸**केरल:** तिरुवनंतपुरम में संगीत और आतिशबाजी के बीच उल्लास।

▸▸**गोवा:** पणजी में डांस और मस्ती के साथ जश्न।

▸▸**तमिलनाडु:** मदुरई में आतिशबाजी के साथ नया साल मनाया गया।

▸▸**गांदरबल:** जम्मू-कश्मीर में बर्फ के बीच आतिशबाजी का नजारा।

# बुमराह बने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज

### साल के पहले ही दिन भारतीय गेंदबाज ने रचा इतिहास



● नई दिल्ली (एजेंसी)।

1 जनवरी 2025 को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने ताजा रैंकिंग जारी की, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। बुमराह अब आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 पर काबिज हैं और उन्होंने 907 रेटिंग पॉइंट्स भी हासिल किए हैं। यह रिकॉर्ड अपने आप में ऐतिहासिक है क्योंकि बुमराह पहले भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने इतने रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए हैं। इससे पहले रविचंद्रन अश्विन ने दिसंबर 2016 में 904 रेटिंग पॉइंट्स के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर इस उपलब्धि को हासिल किया है, जिससे उन्हें आईसीसी रैंकिंग में भी फायदा हुआ। बुमराह अब 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के स्पिनर डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सिडनी बार्न्स (932) और जॉर्ज लोहमैन (931) शीर्ष पर हैं, जबकि इमरान खान (922) और मुथैया मुरलीधरन (920) तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के टॉप विकेट टेकर हैं जसप्रीत बुमराह

भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है, जहां दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 184 रनों से जीत दर्ज की, जिससे मेजबान टीम सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। इस सीरीज में अब तक बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 4 टेस्ट की 8 पारियों में 30 विकेट झटके हैं, और उनका औसत 12.83 का रहा है। इसके बाद दूसरे नंबर पर पैट कमिंस हैं, जिन्होंने 20 विकेट लिए। बुमराह की शानदार गेंदबाजी ने उन्हें आईसीसी रैंकिंग में भी ऊंचा स्थान दिलाया। गाबा टेस्ट में भी बुमराह का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने पहली पारी में 76 रन देकर 6 विकेट और दूसरी पारी में 18 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। इस सीरीज के पहले टेस्ट में उन्होंने 8 विकेट और दूसरे टेस्ट में 4 विकेट लिए थे।

**क्रिकेट: इस साल कई बड़े मुकाबले खेलेंगी भारतीय टीम**

# साल 2025 में एशिया कप और चैम्पियंस ट्रॉफी पर रहेंगी टीम इंडिया की नजरें

● नई दिल्ली (एजेंसी)।

नए साल 2025 का आगाज हो चुका है और भारतीय क्रिकेट टीम के सामने इस साल कई बड़े मुकाबले हैं। 2024 भारतीय क्रिकेट के लिए मिश्रित अनुभव वाला रहा, जहां टी20 वर्ल्ड कप में टीम ने खिताब जीता, लेकिन वनडे और टेस्ट में कई हार भी मिली। अब भारतीय टीम नए साल में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है और उसका फोकस बड़े खिताब जीतने पर है।

### सिडनी टेस्ट से शुरू होगा साल 2025

भारतीय टीम का पहला मुकाबला 3 जनवरी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में होगा, जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट है। फिलहाल, ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-1 से आगे है। इसके बाद भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा होगा, जहां पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

### भारतीय टीम का डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का गणित बिगड़ा

भारतीय टीम के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का रास्ता अब और मुश्किल हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में 184 रन से हार के बाद भारतीय टीम को सिडनी टेस्ट में जीत हासिल करने की जरूरत है। लेकिन सिर्फ सिडनी टेस्ट जीतने से भारतीय टीम का फाइनल में पहुंचना पक्का नहीं है। अगर भारत सिडनी टेस्ट जीतता है तो उसे श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर निर्भर रहना होगा। यदि श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी मैच नहीं हारता और सीरीज जीतता है या ड्रॉ होती है, तो भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच सकता है। अगर सिडनी टेस्ट ड्रॉ हुआ तो भारत के 51.75 प्रतिशत अंक होंगे और वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया अगर सिडनी टेस्ट जीतता है, तो वह सीधे फाइनल में पहुंच जाएगा। इस बीच, साउथ अफ्रीका पहले ही फाइनल में पहुंच चुका है।

### 2025 का शेड्यूल

**3-7 जनवरी:** भारत वर्सेस ऑस्ट्रेलिया, सिडनी टेस्ट (सीरीज का आखिरी)

#### इंग्लैंड का भारत दौरा

| | |
|---|---|
| पहला टी20: | 22 जनवरी, कोलकाता |
| दूसरा टी20: | 25 जनवरी, चेन्नई |
| तीसरा टी20: | 28 जनवरी, राजकोट |
| चौथा टी20: | 31 जनवरी, पुणे |
| पांचवां टी20: | 2 फरवरी, मुंबई |
| पहला वनडे: | 6 फरवरी, नागपुर |
| दूसरा वनडे: | 9 फरवरी, कटक |
| तीसरा वनडे: | 12 फरवरी, अहमदाबाद |

#### चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (फरवरी-मार्च)

| | |
|---|---|
| 20 फरवरी: | भारत वर्सेस बांग्लादेश, दुबई |
| 23 फरवरी: | भारत वर्सेस पाकिस्तान, दुबई |
| 2 मार्च: | भारत वर्सेस न्यूजीलैंड, दुबई |
| 4 मार्च: | सेमीफाइनल (क्वालिफाई करने पर), दुबई |
| 9 मार्च: | फाइनल (क्वालिफाई करने पर), दुबई |

#### आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल (11-15 जून)

**स्थान:** लॉर्ड्स (लंदन), (क्वालिफाई करने पर)



#### इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज (जून से अगस्त)

| | |
|---|---|
| पहला टेस्ट: | 20-24 जून, हेडिंग्ले |
| दूसरा टेस्ट: | 2-6 जुलाई, एजबेस्टन |
| तीसरा टेस्ट: | 10-14 जुलाई, लॉर्ड्स |
| चौथा टेस्ट: | 23-27 जुलाई, मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट: | 31 जुलाई से 4 अगस्त, ओवल |

#### आगे की सीरीज

**अगस्त:** बांग्लादेश दौरा (3 वनडे और 3 टी20 मैच)

**अक्टूबर:** वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की घरेलू सीरीज

**अक्टूबर-नवंबर:** टी20 फॉर्मेट में एशिया कप

**नवंबर:** ऑस्ट्रेलिया दौरा (3 वनडे और 5 टी20 मैच)

**नवंबर-दिसंबर:** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 की घरेलू सीरीज

**टीम इंडिया के हिटमैन ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया भावुक पोस्ट**

# रोहित शर्मा और अन्य खिलाड़ियों ने किया नए साल का ग्रैंड वेलकम

● नई दिल्ली, (एजेंसी)।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अन्य खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर नए साल का स्वागत किया। 2024 रोहित शर्मा के लिए उतार-चढ़ाव से भरा साल रहा है। इस साल उन्होंने अपनी कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीता, लेकिन इसके बाद से उनका फॉर्म काफी गिर गया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मैच के दौरान सिडनी में उनके संन्यास की खबरें भी आईं।

### रोहित का भावुक पोस्ट



हिटमैन रोहित शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया, जिसमें टीम के सभी सदस्य उनके साथ नजर आ रहे हैं और 2024 टी20 वर्ल्ड कप की यादें भी दिखाई जा रही हैं। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, सभी उतार-चढ़ावों और हर चीज के लिए, 2024 को धन्यवाद। इस साल उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने बेटे को जन्म भी दिया था। फिलहाल भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है।



### अश्विन ने किया नए साल का स्वागत

भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपनी पत्नी प्रीति नारायण के साथ नए साल का जश्न मनाया। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक सपना जो आप अकेले देखते हैं वह सिर्फ एक सपना है, लेकिन जो सपना आप साथ मिलकर देखते हैं वह हकीकत बनता है। 2025 की शुभकामनाएं। अश्विन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। गाबा टेस्ट के बाद उन्होंने इस फैसले का ऐलान किया था। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं, जिन्होंने 106 टेस्ट मैचों में 537 विकेट हासिल किए हैं।



### जसप्रीत बुमराह ने पत्नी संजना के साथ मनाया न्यू ईयर

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी अपनी पत्नी संजना गणेशन के साथ 2024 को अलविदा कहा। उन्होंने अपने परिवार की तरफ से प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। बुमराह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अब तक खेले चार मैचों में 30 विकेट लिए हैं और वह इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# सोशल मीडिया यूज पर बोले धोनी, अच्छा क्रिकेट खेलते हैं तो पीआर की क्या जरूरत

### कहा-पहली प्राथमिकता हमेशा खेल और टीम होनी चाहिए

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि अगर आप अच्छा क्रिकेट खेलते हैं, तो आपको ज्यादा प्रचार की जरूरत नहीं होती। उनकी प्राथमिकता हमेशा खेल और टीम होनी चाहिए। धोनी ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर बात की। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने करियर की शुरुआत की, तब सोशल मीडिया का इतना प्रभाव नहीं था और फैंस भी ज्यादा सक्रिय नहीं थे। 2004 में जब उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब सोशल मीडिया इतना बड़ा प्लेटफॉर्म नहीं था। उनके मैनेजर्स ने सलाह दी थी कि उन्हें सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना चाहिए, लेकिन धोनी ने नजरअंदाज किया। उनका मानना था वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो उन्हें पब्लिक रिलेशन (पीआर) की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने के फायदे

धोनी ने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने के फायदे बताए। उनका कहना था कि इससे उनका जीवन तनाव मुक्त रहता है और उन्होंने कभी इस बारे में चिंता नहीं की कि किसके कितने फॉलोअर्स हैं।

### आईसीसी की तीनों प्रमुख ट्रॉफियां जीतने वाले एकमात्र कप्तान

धोनी, जिन्होंने 60 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की, आईसीसी की तीनों प्रमुख ट्रॉफियां (2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप, 2013 चैंपियंस ट्रॉफी) जीती हैं और वह एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने ये सभी खिताब जीते हैं।

### आईपीएल 2025 के लिए भी कसी कमर

आईपीएल 2025 के लिए धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 करोड़ में खरीदा है। 17 सीजन में उन्होंने 264 मैच खेले हैं और 5243 रन बनाए हैं, जिसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय पालीवाल समाज 44 श्रेणी संस्था मेवाड़ की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 4 से

**राजसमंद(पुकार)।** अखिल भारतीय पालीवाल समाज 44 श्रेणी संस्था मेवाड़ की दो दिवसीय (दशम) खेलकूद प्रतियोगिता 4 व 5 जनवरी को बागोल चौखला के भलावतो का खेड़ा के ग्रीन विला रिसोर्ट के खेल मैदान पर आयोजित की जाएगी। संस्था के मीडिया प्रभारी किशन पालीवाल ने बताया कि अखिल भारतीय पालीवाल समाज 44 श्रेणी संस्था मेवाड़ राजसमंद की दशम खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 4 व 5 जनवरी को वागोल चौखलै के भलावतो का खेड़ा तहसील नाथद्वारा में आयोजित की जा रही है। 4 जनवरी को खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 9 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में मेवाड़ के पांचो चौखलों के प्रतियोगी अपनी प्रतियोगिता का उत्साह वर्धन करेंगे। इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के महाकुंभ के आयोजनकर्ता वागोल चौखले के सभी गांव के पालीवाल समाज बंधु के सानिध्य में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही 4 जनवरी रात्रि को मेवाड़-मारवाड़ का ऐतिहासिक खेल अमरसिंह राठौड़ का भी आयोजन किया जाएगा।

### कसार में तीन दिवसीय संत समागम कल से

**राजसमंद (पुकार)।** जिले के चारभुजा स्थित कसार गांव में सनातन वैदिक शिक्षण संस्थान की निर्माणाधीन गुरुकुल भूमि पर 3 जनवरी से 5 जनवरी तक तीन दिवसीय संत समागम का आयोजन होगा। संस्थान के अध्यक्ष पंडित उमेश द्विवेदी ने बताया कि आज के युग में वैदिक संस्कृति के उत्थान के लिए गुरुकुलों की बहुत आवश्यकता है और इन्हीं के माध्यम से वैदिक संस्कृति का संवर्धन एवं संरक्षण होता है इसी संकल्प को लेकर यह संस्थान विगत 24 वर्षों से अनवरत 15 दिवसीय आवासीय वैदिक संस्कार शिविर का आयोजन कर रहा है। अब इस कार्य को वर्ष पर्यंत करने के लिए एक गुरुकुल की आवश्यकता है, जिसमें वैदिक शिक्षा के साथ में आधुनिक शिक्षा भी दी जा सकें। इसके लिए समस्त संतों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए गुरुकुल की भूमि पर एक संत समागम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेवाड़ के कुछ प्रमुख संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। जिनमें सूरजकुंड के अवधेशानंद चैतन्य महाराज, रोकडिया हनुमान के मौनी रामदास महाराज, राजनगर से बिहारी दास महाराज, सीताराम दास महाराज, संत दास महाराज, हरिराम दास महाराज, अवधूतशरण महाराज, श्यामदास महाराज सहित विभिन्न संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। आयोजन के दौरान संस्थान के विद्वान पंडितो द्वारा देव, यज्ञ एवं विभिन्न स्त्रोतों के पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थान के संरक्षक फतेहचंद शामसुखा, ओमप्रकाश मंत्री, अनिल बहेड़िया, मुरलीधर तोषनीवाल, ऋषिराजसिंह, सत्यनारायण तोषनीवाल, महेश करनानी, नीरज पालीवाल, तनसुख बोहरा, प्रहलाद लड्ढा, भगवती प्रसाद बिहानी, खुशवंत श्रीमाली, शिवराज सिंह चौहान, हेमराज सिंदल, बद्रीलाल पालीवाल, संजय पालीवाल, रमेश पालीवाल सहित विभिन्न समाजसेवियों द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय सरपंच विकास दवे, संस्थान के महामंत्री पंडित जितेंद्र शर्मा, प्रशांत व्यास, निलेश पालीवाल, मयंक शर्मा, मनोज शर्मा, देवप्रकाश पालीवाल, योगेश त्रिवेदी, गोविंद पालीवाल, भरत पानेरी, डॉ योगेश शास्त्री, गिरीश दवे, गौतम दवे, देवेंद्रसिंह राव, महावीरसिंह, राजेश दवे, नारायण दाधीच, पवन व्यास, घनश्याम भट्ट, घनश्याम पालीवाल, पवन पानेरी, सत्यनारायण खंडेलवाल, हर्षित पालीवाल, दुर्गेश पालीवाल, सुरेंद्र दाधीच सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग में अधिकारियों से लेकर सभी संवर्ग शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर दिया जाएगा ज्ञापन

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षकों पर उपेक्षित एवं भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हुए 1 जनवरी से 10 जनवरी 2025 के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक हटाकर शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों के कार्मिकों के स्थानांतरण करने का निर्णय लिया गया है, जिससे शिक्षक समुदाय एवं संगठन में भारी आक्रोश है। जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण ने बताया की प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सरकार के इस अपेक्षित निर्णय के विरोध में सम्पूर्ण शिक्षा विभाग में अधिकारियों से लेकर सभी संवर्ग के स्थानांतरण की मांग को लेकर गुरूवार दोपहर 2 बजे जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौपेंगे।

### नियमों के माया जाल में फंसा पंचायत सहायकों (संविदा कर्मी शिक्षा विभाग) का नियमितीकरण भरेंगे हुंकार

**अपने हक के लिए पंचायत शिक्षक व विद्यालय सहायक कल जयपुर के शहीद स्मारक पर करेंगे प्रदर्शन**

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ जिले की आवश्यक बैठक बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित आरके उद्यान में हुई। जिसमें शुक्रवार 3 जनवरी को जयपुर में होने वाले प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन में राजसमंद जिले के सभी पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक सामूहिक अवकाश लेकर 3 जनवरी को जयपुर में होने वाले प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन में भाग लेने पर चर्चा की। संघ के जिलाध्यक्ष राकेश पालीवाल ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों का भी राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाधीन संविदा सेवा नियमितिरण की प्रक्रिया में सभी के साथ सम्मिलित कर पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों के भी स्थाईकरण के लिए स्थायी पदों का सृजन कर नियमितीकरण की प्रक्रिया आरंभ करने की मांग को लेकर जयपुर में अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। संघ के जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि जिले के सभी पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक 3 जनवरी को शीतकालीन अवकाश में जयपुर में धरना प्रदर्शन आंदोलन में भाग लेकर हल्ला बोलेंगे। पालीवाल ने बताया कि विदित रहे अब तक की सभी सरकारों ने हम संविदा कार्मिकों का लगातार शोषण कर हमारे हक को दबाने का प्रयास किया है। हमें संविदा पर काम करते हुए लगभग 14 साल से अधिक हो गए हैं जबकि नियमितीकरण के लिए 9 वर्षों की सेवा पर्याप्त है। इसके बावजूद भी हमें नियमों के मायाजाल में उलझाकर स्थाईकरण से वंचित किया जा रहा है। जिसे प्रदेश भर के हजारों पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक बर्दाश्त नहीं करेंगे व संघ 3 जनवरी को जयपुर में पुरजोर तरीके विरोध प्रदर्शन करेगा। राजसमंद से सभी ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में गुरूवार को सभी विद्यालय सहायक पंचायत शिक्षक जयपुर के लिए कूच करेंगे।

# आने वाला समय विश्व के कल्याण वाला समय हो ओर पूरा समाज पूरा भारत विश्व का प्रतिनिधित्व : मुनि संजय कुमार



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित प्रज्ञा विहार परिसर में बुधवार को श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी संस्थान कांकरोली के तत्वाधान में नव कैलेंडर वर्ष की शुभ वेला में मुनि संजय कुमार ने व्रहत मंगल पाठ सुनाया। इस अवसर पर जैन तेरापंथ समाज के सदस्यों ने उपस्थित रह कर वृहत मंगल पाठ का श्रवण कर आने वाले साल की शुभ शुरुआत और मंगल का वर्ष हो ऐसी कामना करी और शासन माता के प्रति उदार भावना को प्रकट किया। नवकार मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुनि संजय कुमार के निर्देशन से मुनि प्रकाश कुमार ने मंत्रों का उच्चारण किया और सभी को संकल्प कराया। मुनि प्रसन्न कुमार ने कहा कि 2024 के बाद से प्रारंभ होने वाले इस नूतन वर्ष में आने वाला समय विश्व के कल्याण वाला समय हो ओर पूरा समाज पूरा भारत विश्व का प्रतिनिधित्व करे ऐसी मंगलकामना की। वृहत मंगल पाठ सुना कर उपस्थित जनमानस को कृतार्थ किया। अध्यक्ष महिला मंडल उषा कोठारी ने कहा कि यह वर्ष सभी समाज जन के लिए धन धान्य समृद्धि सुख सौभाग्य शांति शक्ती और तेज से परिपूर्ण हो। सभा मंत्री धनेंद्र कुमार महता ने गुजरते हुए साल से कुछ यूं विदा लेना ना रखना कोई गिला शिकवा गमों को दिल से मिटा देना रखना याद सबक सारे पर दर्द अपने भुला देना आने वाले साल को खुशियों से सजा लेना कविता प्रस्तुत की। तेयुप अध्यक्ष अतुल दक ने 5 जनवरी 2025 को अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली सकल जैन समाज की सामाजिक की सूचना दी। उन्होने कहा कि प्रज्ञा बिहार के प्रांगण में मुनि संजय कुमार और प्रसन्न कुमार के सानिध्य में सकल जैन समाज की एक सामायिक नेक सामायिक एक संदेश के साथ आयोजित होने वाली है आप सभी उसमें भागीदार बने। आभार सभा प्रभारी डॉ सुखलाल जैन ने ज्ञापित किया। संचालन मंत्री एडवोकेट धनेन्द्र कुमार मेहता ने किया।

# राजेश विजयवर्गीय ने 38वीं बार किया रक्तदान



**राजसमंद (पुकार)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की प्रेरणा से विजयवर्गीय समाज के जिलाध्यक्ष राजेश विजयवर्गीय ने 38वीं बार रक्तदान किया। रेडक्रॉस के मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि रक्तदाता विजयवर्गीय वर्ष में चार बार रक्तदान करते हैं 1 जनवरी 2025 को उन्होंने 38वीं बार रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। विजयवर्गीय का मानना है कि वह रक्तदान की वजह से स्वस्थ एवं अच्छा महसूस करते हैं एवं नई युवा पीडी के लिए रक्तदान के प्रति जो भ्रांतियां है वो दूर करना चाहते है कि रक्तदान करना चाहिए ताकि पीड़ित रोगियों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकें। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि चेयरमेन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में रक्तदान करो रोगियों का जीवन बचाओं जन जागृति मुहीम को लेकर समय-समय पर रक्तदान शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति आम जन को जागृत किया जा रहा है। इसी के तहत रक्तदाता आपातकालीन जरूरत पर रेडक्रॉस की प्रेरणा से रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचते हैं। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिले में सर्वाधिक संस्थागत रक्तदान करवाने वाली मानवीय सेवा के लिए अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय संस्था है। रेडक्रॉस सोसायटी रक्तदान, नेत्रदान, देहदान, टीबी पोषण किट, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, कम्बल वितरण, अवेयरनेस कार्यक्रम आदि अन्य मानवीय सेवा के लिए कार्य करती हैं।

# जय अम्बे क्रिकेट क्लब की 19वीं क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**राजसमंद (पुकार)।** जय अम्बे क्रिकेट क्लब काकरोद के तत्वाधान में कालाजी स्टेडियम में 19वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन भीम विधायक हरिसिंह रावत के मुख्य आथित्य में हुआ। विशिष्ठ अतिथि रावत युवा अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह, गोरक्षा जिलाध्यक्ष गोटू गुर्जर, किशन गुर्जर व राजू गुर्जर थे। जबकि अध्यक्षता मानसिंह ने की। प्रतियोगिता में 30 टीमे विभिन्न जिलों से भाग ले रही है। इस दौरान केपी वैष्णव, महिपाल सिंह, दयाराम गुर्जर, नरेशदास, करणी सेना जिलाध्यक्ष सुमेरसिंह, पीटीआई जितेंद्रसिंह व वीपीसिंह, हेमंत जोशी, महावीर सिंह, शेरसिंह,



भावेश जोशी, पिंटू दास, मोहित जोशी, नीलेशसिंह, राहुलसिंह सहित खेलप्रेमी व ग्रामीण मौजूद थे।

# अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक ने किया औचक निरीक्षण

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे मे संचालित पीएम श्री नन्दलाल जोशी राउमावि में संचालित व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड की ऑन जॉब ट्रेनिंग का एडीपीसी घनश्याम गौड़ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने इंटर्न बालिकाओं से प्रशिक्षण के विषय में प्रतिपुष्टि ली और विद्यालय द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उप प्राचार्य कृष्ण गोपाल नंदवाना ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति शीतकालीन अवकाश में 11 व




12वीं के इस ट्रेड में अध्ययनरत विद्यार्थियों की दस दिवसीय इंटर्नशिप महक ब्यूटी पार्लर कांकरोली में आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 62 बालिकाएं भाग ले रही है। बालिकाओं ने प्रशिक्षण के आठवें दिन केश सज्जा की विधाओं का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम प्रभारी राकेश गोस्वामी, पीएमश्री कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण कुमार कौशल, प्रभारी अंजना पंचोली, व्यावसायिक प्रशिक्षक सरोज सेन तथा ब्यूटी पार्लर संचालिका सुनीता सेन उपस्थित थे।

# हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ : मुख्य सरगना चढ़ी पुलिस के हाथ

- तीन महिला सहित गिरोह के कुल 7 सदस्य गिरफ्तार
- पुलिस ने आरोपियों के पास से कुछ मोबाइल और अन्य सामान किए बरामद



**राजसमंद (पुकार)।** कांकरोली थाने में व्यापारियों को हनीट्रैप के मामले को लेकर दर्ज दो अलग-अलग मामले में पुलिस ने अब तक गिरोह की मुख्य सरगना जन्नत बानु उर्फ तमन्ना सहित तीन महिलाओं व चार पुरूषों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने एक मामले में पुलिस ने संजु उर्फ सोनु (28) पिता देवीदास जाती वैष्णव निवासी देवगांव, योगेष (22) उर्फ राजेश पिता बंशीलाल गुर्जर निवासी देवगावं एवं कमलेश वैष्णव (25) पिता बंशीदास वैष्णव निवासी छापरी, गंगापुर जिला भीलवाडा को गिरफ्तार किया था। उसके बाद बुधवार को इसी मामले में फरार गिरोह की मुख्य सरगना महिला गिरोह की महिला सदस्य सुनीता उर्फ शालिनी (48) पति देवीलाल लक्षकार निवासी सायरा हाल पायडा, भुपालपुरा उदयपुर व गिरोह की मुख्य सरगना जन्नत बानु उर्फ तमन्ना (40) पति रज्जाक खान मुसलमान निवासी चौमुखा महादेव मन्दिर जलचक्की कांकरोली को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरे मामले में एक महिला व एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने व्यापारी से 5 लाख रुपये की ठगी करने वाले पहले मामले में हनीट्रैप गिरोह के दो महिला सहित कुल 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। कांकरोली सीआई हनवंतसिंह सोढा ने बताया कि एक दूसरे और मामले में पिड़ित पीयुष सोनी पिता प्रहलाद सोनी निवासी सुन्दर कोलोनी ने अफसाना शाह पिता इस्माईल शाह, श्रवण गुर्जर सहित अन्य सार्थियों द्वारा हैनीट्रेप में फंसाकर पैसे वसुल करने का मामला दर्ज कराया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अति. पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक एवं वृताधिकारी विवेक सिंह राव के निर्देशानुसार थानाधिकारी हनवन्त सिंह सोढा के नेतृत्व में गठीत की गई विषेश पुलिस टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम देते हुए गिरोह सदस्य श्रवण गुर्जर (30) पिता नारायणलाल गुर्जर निवासी पनोतिया नयाघर थाना कुंवारिया तथा अफसाना खान (26) पुत्री मोहम्मद ईस्माईल खान निवासी नवरत्न कोलोनी कांकरोली को गिरफ्तार किया। जबकि अन्य फरार सदस्यों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुछ मोबाइल फोन और अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि यह गिरोह पिछले कुछ समय से कांकरोली और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय था। गिरोह के सदस्य सोने-चांदी के व्यापारियों और अन्य धनवान लोगों को अपना शिकार बनाते थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का शुभारंभ

**राजसमंद (पुकार)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का




आयोजन बुधवार से 31 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। इस माह के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस माह के उद्घाटन समारोह में एसडीएम बृजेश गुप्ता ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए 6-ई एजुकेशन, इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, इवैल्यूएशन और एंगेजमेंट को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाना और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। यातायात पुलिस के सुरेशचंद्र ने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों को वाहन नहीं देना चाहिए और उन्हें हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने के लिए समझाना चाहिए। पीडब्लूडी के एसी मगनीराम ने कहा कि रोड साइन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और रोड के कर्व को ध्यान में रखकर नियमित स्पीड लिमिट पर वाहन संचालन करना चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने कहा कि प्रथम 15 दिन समझाईश की जाएगी और इसके बाद चालान बनाए जाएंगे।

# पीठ में न्यू ईयर सेलिब्रेशन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सीमलवाड़ा (पुकार)।** पीठ में न्यू ईयर सेलिब्रेशन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता डॉ निख़लि जैन ने की। मुख्य अतिथि डॉ नितिन पंचाल, विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल राय चोधरी ,डॉ महेंद्रजीत सोलंकी ,अशोक कलाल ,बलवीर सिंह चौहान ,परेश भूता ,रोशन भूता





सहित मौजूद रहे ।प्रतियोगिता का आयोजन अरमान पाटीदार , भुवी पाटीदार, लक्ष्य वाघेला द्वारा किया जा रहा है । समारोह का संचालन विक्रांत सिंह शक्तावत ने किया। भारतेन्दु राजोरिया ने आभार जताया। उद्घाटन मैच जैन इलेवन ने कष्टभंजन क्लब को 9 रनों से हरा अगले दौर में पहुंची।

# पीठ में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय पीठ में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

बुधवार को प्रधान पंचायत समिति सीमलवाड़ा कारी लाल ननोमा के मुख्य आतिथ्य में शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें अध्यक्षता श्रीमति गंगादेवी डामोर, सरपंच पीठ ने की। विशिष्ट अतिथि गोविन्द पाटीदार, माडल अध्यक्ष सलारेश्वर पीठ, उपसरपंच गोवर्धन डेचिया , राजमल जैन, अनिल मिश्रा, देवीसिंह लबाना, राजकुमार जैन, डॉ पुखराज लबाना, मोहनसिंह चौहान, अशोक भूता, प्रवीण सिंह चौहान, नागेन्द्र?सिह चौहान, लक्ष्मण सिंह चौहान, तेजसिंह चौहान, प्रियेन्द्र? सिंह चौहान, नवदीप सिंह रहे। उपनिदेशक बहुउद्?देशीय पशु चिकित्सालय डॉ सतपाल सिंह चौहान ने बताया की नये वर्ष का शुभारंभ गौमाता के आशीर्वाद से किया जाए इस हेतु ग्राम पंचायत पीठ के पशुपालको के गौवंश को पशु चिकित्सालय पीठ परिसर में बुलाया गया एवं उन्हें निशुल्क दवा , घास, पानी की व्यवस्था करते हुए उनका माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर स्वागत






किया गया। इस शिविर में 55 पशुपालकों की गोष्ठी के माध्यम से उन्नक पशुओं को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ लेने हेतु जानकारी दी गई। डॉ सतपालसिंह चौहान ने पशुओं के दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी हेतु पशुपालन विभाग द्वारा दी जाने वाली निशुल्क मोबाइल वेटेवरी युनिट 1962 के संचालन के बारे में बताते हुए पशुकों को ठण्ड से बचाव एवं समस्त टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस शिविर में उप निदेशक डॉक्टर मनीष मीणा , डॉक्टर सुनील कलासुआ, अखमलाल परमार, भंवर लाल, हर्षराज सिंह चौहान , रामलाल, अनिल कलाल, नवदीप सिंह चौहान, दशरथ सिंह पंवार, लालसिंह,ने पूरा सहयोग दिया इस शिविर में महिला पशुपालको की भी आमन्त्रित किया गया ।

# बिना गुरू कोई भी अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकता : महात्मा पंवार

**राजसमंद (पुकार)।** निरंकारी सत्संग मिशन के सद्गुरू माता सुदीक्षाजी महाराज के विस्तार असीम की ओर अभियान के तहत निरंकारी न कुछ खायेगा और न कुछ पीयेगा। जो कुछ भी है सब आत्मा की देन है। मनुष्य का प्रथम और अन्तिम लक्ष्य आत्मज्ञान होना चाहिए। पंवार ने कहा




सत्संग बुधवार को शहर के राउमावि परिसर में आयोजित हुई। सत्संग में मात्माओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान ज्ञान प्रचारक ओमसिंह पंवार ने कहा कि यह शरीर नश्वर है। यह मिट्टी में मिल जाऐगा। बात आत्मा की है। शरीर की कीमत आत्मा से है। हम कहते है शरीर खाता है शरीर पीता है यदि हमारा प्राण निकल जाए अर्थात आत्मा निकल जाए तो क्या यह शरीर कुछ खायेगा पीयेगा, नहीं। शरीर के आत्मा को त्यागने के बाद वह शरीर कि बिना गुरू कोई भी अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकता है। सत्संग के दौरान सेवादल संचालक नाथूसिंह द्वारा सत्संग भवन क लिए 2 बीघा जमीन देने पर महात्माओं ने स्वागत किया। इस दौरान सेवादल संचालक नाथूसिंह, शिक्षक चन्द्रभानसिंह, प्रेमसिंह चौहान, नरेन्द्रसिंह चौहान, वीडीयो फतेहसिंह, भंवरलाल चोरोटिया, पुष्पा मेवाड़ा, उम्मेदसिंह, वरिष्ठ पत्रकार दुर्गाप्रसाद सिंघानिया सहित अन्य महात्मा मौजूद थे।

# ऑन जॉब ट्रेनिंग रोजगार व स्वरोजगार चयन में सहायक एडीपीसी

- एचके सिक्योर सीसीटीवी इण्डिया में ऑन जॉब ट्रेनिंग के औचक निरीक्षण में बोले अतिरिक्ति जिला परियोजना समन्वक घनश्याम लाल गौड़

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय सिथत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राजनगर के व्यावसायिक शिक्षा आईटी ट्रेड की कक्षा 11 व 12वीं के विद्यार्थी कांकरोली स्थित औद्योगिक संस्थान मै. लक्की सिक्योरिटी (एचके सिक्योर सीसीटीवी इण्डिया) पर विगत 8 दिवस से कर रहे ऑन जॉब ट्रेनिंग का बुधवार को अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम लाल गौड़ व कार्यक्रम अधिकारी राकेश पुरी गोस्वामी ने औचक निरिक्षण किया। प्रधानाचार्य कमलेश कुमार कहाल्या ने बताया की अतिरिक्ति जिला परियोजना समन्वक घनश्याम लाल गौड ने सभी



विद्यार्थियों से 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग में की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे पूछा एवं उन्हें प्रोत्साहित करते हुए जानकारी दी की वर्तमान समय में सीसीटीवी की आवश्यकता बहुत बढ़ी हैं एवं आप इस कार्य को सीखकर स्वयं का रोजगार शुरु कर या किसी भी औद्योगिक संस्थान में रोजगार कर सकते हैं। गौड़ ने एक-एक विद्यार्थी से संवाद कर सीसीटीवी कैमरे के सभी पार्ट्स एवं एसेंबलिंग कैसे की जाती हैं के बारे में पूछा। विद्यार्थियों ने उनके सामने ही पूरे सीसीटीवी कैमरे को एसेंबल करके बताया एवं उसकी इंस्टालेशन कैसे की जाती हैं के बारे में भी बताया।




# एक या दो नहीं, इन 5 फिल्मों में है 'पुष्पा 2' की कमाई के रिकॉर्ड को तोड़ने का दम



साल 2024 को हम अलविदा कह चुके हैं. पिछले साल एक से बढ़कर एक बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज हुईं. कई फिल्मों ने बंपर कमाई भी की. पर जो धमाका अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने साल के आखिरी महीने में किया, उसकी गूंज इस साल भी सुनाई देने वाली है. साउथ की फिल्म होने के बावजूद 'पुष्पा 2' के हिंदी वर्जन ने इतिहास रच दिया. ये फिल्म हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पिक्चर बन गई.ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अब 'पुष्पा 2' के इस रिकॉर्ड को तोड़ने की हिम्मत कौन करेगा? किस फिल्म में इतना दम है जो इसे कमाई के मामले में पीछे छोड़ सके? इसका जवाब इसी साल आ रही कुछ फिल्मों में छिपा है. 2025 में सलमान खान से लेकर सनी देओल और ऋतिक रोशन तक, बड़े-बड़े स्टार बड़ी-बड़ी हिंदी फिल्में ला रहे हैं. इन फिल्मों में पूरा दम है 'पुष्पा 2' के हिंदी वर्जन को पीछे छोड़ने का. पर ये इतना आसान नहीं होने वाला, क्योंकि पुष्पा 2 के हिंदी वर्जन ने 26 दिनों में ही 758.9 करोड़ रुपये की धमाकेदार कमाई कर डाली है.

### सिकंदर

सलमान खान 2024 में सिर्फ कैमियो ही करते दिखे. फैंस उनकी फिल्म का लंबे वक्त से इंतज़ार ही कर रहे हैं. पर अब टाइगर 3 के औसत प्रदर्शन के बाद सलमान ने ज़ोरदार वापसी की तैयारी कर ली है. सलमान इस साल ईद के मौके पर फैंस से ईदी लेने और फैंस को धमाकेदार फिल्म का तोहफा देने वाले हैं. एआर मुरुगादॉस के निर्देशन में बन रही सिकंदर में सलमान अलग अंदाज़ में दिखने वाले हैं. इसमें साउथ सेंसेशन रश्मिका मंदाना लीड फीमेल के तौर पर दिखेंगी. इसके टीजर को रिकॉर्ड व्यूज मिले हैं, जिससे उम्मीद लगाई जा रही है कि फिल्म रिकॉर्डतोड़ कमाई करेगी.

### वॉर 2

फिल्म 'वॉर 2' भी इस लिस्ट में शाामिल है, जो कमाई के पिछले रिकॉर्ड तोड़ने का दम रखती है. साल 2019 में आई ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की 'वॉर' ने बंपर कमाई की थी. अब इस बार मेकर्स ने इस फ्रेंचाइजी के दूसरे पार्ट में जूनियर एनटीआर की एंट्री करा दी है. इसके बाद से वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म का बज़ अलग लेवल पर चला गया है. फिल्म में कियारा आडवाणी भी होंगी. अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी ये फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज होगी.

### लाहौर 1947

सनी देओल ने 2023 में फिल्म 'गदर 2' से ऐसा गदर काटा था कि सभी हैरान रह गए थे. लंबे वक्त के बाद बड़े पर्दे पर सनी देओल की वापसी कामयाब रही थी. अब सनी इस साल कई फिल्मों में दिखने वाले हैं. उनकी सबसे बड़ी फिल्म इस साल 'लाहौर 1947' होगी. इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है और इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है. इसमें प्रीति जिंटा भी अहम रोल में होंगी. पिंकविला ने हाल ही में एक रिपोर्ट में बताया था कि ये फिल्म भी अगस्त में रिलीज हो सकती है. हालांकि तारीख अभी तय नहीं है.

### स्काई फोर्स

अक्षय कुमार इस साल कई फिल्मों में दिखेंगे. उनमें से एक 'स्काई फोर्स' भी है. कुछ वक्त पहले तरण आदर्श ने बताया था कि ये फिल्म रिपब्लिक डे वीकेंड पर रिलीज़ होगी. हालांकि मेकर्स ने अब तक फिल्म पर कोई अपडेट नहीं दिया है. स्त्री 2 बनाने वाले दिनेश विजान और अमर कौशिक ने ही इसे प्रोड्यूस किया है. इस फिल्म से वीर पहाड़िया डेब्यू करने वाले हैं. फिल्म में सारा अली खान भी दिखेंगी.

### हाउसफुल 5

साल 2010 में शुरू हुई 'हाउसफुल' सीरीज का इस साल पांचवां पार्ट आने वाला है. इसके पहले चार पार्ट कामयाब रहे हैं. इस बार फिल्म से और भी ज्यादा उम्मीदे हैं. 6 जून 2025 को रिलीज गहो रही इस फिल्म में सितारों का जमावड़ा है. फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं. उनके अलावा इसमें रितेश देशमुख, फरदीन खान, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा और नरगिस फाखरी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे. माना जा रहा है कि ये फिल्म बंपर कमाई कर सकती है।

# कृति सेनन ने शेयर की 2024 की अपनी अनदेखी तस्वीरें





कृति सनोन ने 2024 की अपनी अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं 2024 के आखिरी दिन , कृति सनोन ने अपने फोन गैलरी में स्क्रॉल किया और साल की कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जो ग्राम पर नहीं आईं। 2024की उनकी यादों की उनकी पहले कभी नहीं देखी गई तस्वीरों में उन्हें पार्टी करते, सेट पर काम करते, बर्फबारी का आनंद लेते, अपनी त्वचा की देखभाल करते और अपने प्रियजनों के साथ बॉन्डिंग करते हुए दिखाया गया है। 2024 के कुछ पल जो ग्राम पर नहीं आए! (कुछ शायद कभी नहीं आएंगे!!)卐 कृति ने पोस्ट को कैप्शन दिया।इस साल रिलीज होंगी साउथ की फिल्में कृति के लिए पेशेवर मोर्चे पर 2024 शानदार रहा है । उनकी फ़िल्में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और क्रू ने बॉक्स ऑफ़िस पर कमाल कर दिया। उन्होंने अपनी फ़िल्म %दो पत्ती% के लिए निर्माता की भूमिका भी निभाई, जिसमें काजोल भी थीं। इससे पहले, एएनआई से बात करते हुए, कृति ने %तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया% में रोबोट सिफ़रा की अपनी भूमिका से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने के बारे में बताया, जिसमें शाहिद कपूर भी मुख्य भूमिका में थे।मुझे लगता है कि एक किरदार के तौर पर सिफ़रा को बहुत प्यार मिला है। मैंने इसे व्यक्तिगत रूप से महसूस किया है। क्योंकि मैं जहाँ भी गई हूँ, चाहे वह भारत में हो या फिर लंदन में, बहुत से लोग मेरे पास आए हैं और मुझसे कहा है कि वे सिफ़रा के साथ एक तस्वीर लेना चाहते हैं... एक बार मैं एयरपोर्ट पर थी और वहाँ एक व्यक्ति था जो मुझे इमिग्रेशन के लिए अंदर जाने दे रहा था... उस व्यक्ति ने मुझे सिफ़रा कहकर अभिवादन किया... इसलिए मुझे लगता है कि जब आप अपने किरदार का नाम पुकारे जाने की आवाज़ सुनते हैं या जब वे आपको किरदार के तौर पर पहचानते हैं, कभी-कभी आपसे ज़्यादा, मुझे लगता है कि यह किसी भी अभिनेता के लिए बहुत बड़ी जीत है क्योंकि यह बहुत, बहुत दुर्लभ है... इसका मतलब है कि आपने वास्तव में किसी के दिल को छू लिया है। सिफ़रा के लिए जो प्यार बरसाया गया है, उससे मैं बहुत उत्साहित हूँ, उन्होंने कहा।,द्यह्यश्च नवंबर में, उन्होंने ढ्ढस्नस्नद्ब 2024 में भाग लिया , जहाँ उन्होंने अपनी ड्रीम भूमिकाओं के बारे में खुलकर बात की। अपने ड्रीम रोल के बारे में पूछे जाने पर कृति ने कहा, 卐यह बहुत कठिन सवाल है क्योंकि एक रोल करने के बाद उसके बाद कुछ और नहीं करने की चाहत जैसा कुछ नहीं है। ऐसी कोई भूमिका नहीं है। कई अलग-अलग तरह की भूमिकाएँ हैं जो मैंने अभी तक नहीं की हैं, और मैं उन्हें करना चाहती हूँ। मैं एक सुपरवुमन बनना पसंद करूँगी। मुझे लगता है कि इंडिया में ज़्यादा ये हुआ है। मुझे एक्शन करना पसंद है।



## नेशनल क्रश और इंटरनेट सेंसेशन बनी वामिका गब्बी

वामिका गब्बी का करियर- वरुण धवन की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बेबी जॉन से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया। जब ट्रेलर सामने आया तो लगा कि फिल्म बंपर कलेक्शन करेगी, लेकिन मेकर्स की उम्मीदों पर पानी फिर गया। फिल्म भले ही फ्लॉप हो गई हो, लेकिन एक्ट्रेस वामिका गब्बी की चर्चा हर जगह हो रही है। वामिका गब्बी ने बेबी जॉन से बॉलीवुड में डेब्यू किया है और उनकी अदाकारी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया है। अपनी खूबसूरत आंखों और शानदार एक्टिंग के लिए वामिका की खूब तारीफ हो रही है। यही वजह है कि अब उन्हें नया नेशनल क्रश कहा जा रहा है। वामिका गब्बी इससे पहले तमिल, मलयालम और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। मलयालम फिल्म गोधा और तमिल फिल्म नेराथु मसक्कम से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी। वामिका ने जब वी मेट में भी छोटा सा रोल निभाया था।



# डांसर नोरा फतेही ने देसी लुक में गिराई बिजली

बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस नोरा फतेही ने एक बार फिर अपने देसी अंदाज से फैंस का दिल जीत लिया है. हाल ही में नोरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साड़ी में कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. न्यूड पिंक साड़ी में नोरा का लुक बेहद दिलकश है और उनकी सादगी के साथ उनका ग्लैमरस अंदाज लोगों को दीवाना बना रहा है. नोरा फतेही की इन तस्वीरों को कुछ ही घंटों में लाखों लाइक मिल चुके हैं. फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. किसी ने उन्हें गॉर्जियस कहा, तो किसी ने उन्हें क्वीन ऑफ साड़ी लुक्स का टैग दिया. नोरा का यह साड़ी लुक साबित करता है कि वह सिर्फ वेस्टर्न ही नहीं बल्कि ट्रेडिशनल आउटफिट में भी कमाल लगती हैं।




# आलिया और रणबीर ने फैमिली के साथ किया न्यू ईयर सेलिब्रेशन

नए साल का आगाज हो गया है। कपूर फैमिली और भट्ट फैमिली ने एक साथ मिलकर नए साल का स्वागत किया है। साल 2025 की शुरुआत के साथ ही इनके नए साल की झलकियां भी सामने आ गई हैं। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने फैमिली के साथ वेकेशन पर न्यू ईयर सेलिब्रेट किया है। इस सेलिब्रेशन में दोनों सितारों के साथ परिवार के बाकी सदस्य भी एंजॉय करते नजर आए। राहा कपूर, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, रिद्धिमा के पति और सोनी राजदान भी शामिल हुईं। इस सेलिब्रेशन में समारा साहनी और शाहीन भट्ट भी मस्ती करती नजर आईं। इस सेलिब्रेशन की खूबसूरत तस्वीरें नीतू कपूर ने शेयर की हैं। सामने आई तस्वीरों में रणबीर कपूर अपनी बेटी राहा को गले लगाए हुए हैं। ब्लैक पैंट-शर्ट में दिख रहे रणबीर को आलिया ने थाम रखा है। उन्होंने ने भी ब्लैक ड्रेस कैरी की है। वहीं कई और तस्वीरों में नीतू कपूर भी बेटे और बेटी के साथ पोज देती नजर आईं। नीतू कपूर ने हाई स्लिट ब्लैक ड्रेस इस ओकेजन के लिए कैरी की। वहीं रिद्धिमा कपूर ने क्रीम टॉप और ब्लैक ट्राउजर कैरी किया। वहीं सोनी राजदान रेड ब्लिंगी ड्रेस में दिखीं। इस दौरान सभी काफी खुश और मस्ती भरे मूड में नजर आए। एक गार्डन एरिया में फ्लोर सीटिंग के साथ नए साल का सेलिब्रेशन रखा गया था। राहा भी व्हाइट और रेड फ्लोरल फ्रॉक में दिखीं। रिद्धिमा, रणबीर, नीतू और समारा ने एक साथ एक प्यारी सेल्फी भी क्लिक की।पोस्ट शेयर करते हुए नीतू ने हार्ट इमोजी के साथ %हैप्पी 2025% लिखा। उनके कई प्रशंसक नन्ही राहा को लाल और सफेद रंग की फ्रॉक में देखकर खुश हुए और उन्होंने लिखा, %नया साल मुबारक हो, मेरे पसंदीदा रणबीर कपूर और प्यारा परिवार, खास तौर पर राहा।% हाल ही में कपूर परिवार द्वारा आयोजित क्रिसमस पार्टी के दौरान राहा को अपने माता-पिता के साथ आते हुए देखा गया और उसने पैपराजी के साथ फ्लाइंग किस और शुभकामनाएं साझा की थीं। शुरुआत में आलिया ने पैपराजी से शोर मचाना बंद करने का अनुरोध किया क्योंकि नन्ही बच्ची थोड़ा घबरा रही थी, लेकिन बाद में राहा सामने आई और उन्होंने सभी से हाथ हिलाकर बात की और फ्लाइंग किस भी दी।



# जिला कलेक्टर ने फ्लैगशिप योजना का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के दिए निर्देश

●जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की हुई समीक्षा

●टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम को गंभीरता पूर्व कार्य करने के दिए निर्देश



**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में राज्य सरकार की फलैगशिश योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे,साथ ही किसी भी योजनाएं कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग द्वारा कोताही ना बरतने के निर्देश दिये।

यह बात जिला कलक्टर अंकित कुमार ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष मे आयोजित बैठक में कही। साथ ही जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग के कार्यक्रम वार तथा ब्लॉक वार स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीएमएचओं डॉ.अलंकार गुप्ता, एसीएमएचओ डॉ.विपिन मीणा, आरसीएचओ डॉ.लोकेश परमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.करिश्मा पंचाल, डीपीएम जीतिन जोनवाल, जिला स्तर के समस्त एनएचएम कार्मिक सहित ब्लॉक से समस्त, बीसीएमओ बीपीएम सीएचसी,पीएचसी से चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहां कि टीकाकरण तथा विशेष अभियानों में अर्बन व दूरस्थ क्षेत्र न छूटे इसके लिए गहन समीक्षा व प्लानिंग के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा व जांच योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना आभा आईडी निर्माण व एनसीडी कार्यक्रम तहत स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्य, आयुष्मान चिरंजीवी योजना व अन्य सभी योजनाओं मे राज्य सरकार द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सुनिश्चित मिलना चाहिए।

जिला कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए सीएमएचओं को निर्देश दिए कि जिन चिकित्सा संस्थानो पर प्रसर्व के लिए पर्याप्त सन साधन, स्टॉफ व डिलेवरी के लिए अन्य सुविधाएं होने के पश्चात भी सस्थान पर प्रसर्व नहीं करवाए जा रहे है। ऐसे सभी संस्थान की सूची अगामी बैठक से पूर्व तैयार की जाए जिनकी प्रगति न्यून रहेंगी उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी चिकित्सक अपने क्षेत्र मे चिकित्सा विभाग की सेवाओं के लिए आमजन के बीच अपने स्वयं के साथ आशा, एएनएम व अन्य चिकित्सा कार्मिकों के माध्यम से विश्वास बढ़ा, जिससे के वह स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए व अन्य क्षेत्र मे नही जा। उन्होने जेएसवाय योजना के कम उपलब्धि वाले चिकित्सा संस्थान को शत-प्रतिशत भुगतान करने के लिए पाबंद किया। जो संस्थान प्रसव पश्चात 48 घंटे तक भर्ती रही माता के परिजनों से योजना का लाभ दिलाने के लिए दस्तावेज प्राप्त कर एंटी नही कर पा रहे है ऐसे चिकित्सा संस्थान की लिस्ट बनानी जाए जिससे कि उन पर विशेष कार्यवाही की जा सके।

# नए साल के आगमन में आर्य म्यूजिकल अकैडमी के द्वारा संगीत संध्या

**डूंगरपुर(पुकार)।** नए साल के आगमन में 31 दिसंबर को आर्य म्यूजिकल अकैडमी के द्वारा संगीत संध्या का आयोजन हुआ।

ग्रुप के निर्देशक हरीश आर्य ने बताया कि यह कार्यक्रम अलविदा 24 और नव वर्ष 25 के स्वागत के लिए आयोजित किया गया है कार्यक्रम में सहनिदेशक मुकेश आर्य ने पधारे हुए संगीत प्रेमियों को नववर्ष की बधाइयां देखकर स्वागत किया । कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध भजन गायक लक्ष्मीकांत जेठवा तथा जाने.माने तबला वादक ओमप्रकाश जेठवा द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दिए। रूपेश शाह द्वारा गणेश वंदना जय गणेश गणनायक दया निधिए जगदीश उपाध्याय .कोई हसीना जब रूठ जाती है तो,धर्मेश व्यास.सजन रे झूठ मत बोलो, रूपेश शाह. आने वाला कल, हरीश आर्य.सांसों की जरूरत है जैसे, मुकेश आर्य. लौट के आजा मेरे मीत, कविता आर्य हाय हाय ये मजबूरी,नगिन प्रजापत. संसार है एक नदिया, विमल साद तुझे देखा तो यह जाना सनम, लक्ष्मीकांत जेठवा गजल क्यों बच के नहीं चलते क्या चोट ही खानी है पत्थर की नगरी है शीशे पर जवानी है, जयेश आर्य उतरा ना दिल में कोई, मदन साद छूकर मेरे मन को, अभिलाष शाह जब नहीं आए थे। तुम, निशांत आर्य चुपके-चुपके, अमरसिंह मेरी भीगी भीगी सी, बेबी दृष्टि यह तूने क्या किया। कार्यक्रम के अंत में निर्देशक हरीश आर्य ने आगंतुक अतिथि वह कलाकारों का आभार प्रदर्शन किया कार्यक्रम का संचालन धर्मेश व्यास ने किया।




## संक्षिप्त समाचार

### आज डॉ. हर्षा विप्र फाउंडेशन के परशुराम मूर्ति स्थल का करेंगी अवलोकन

**डूंगरपुर(पुकार)।** विप्र फाउंडेशन द्वारा प्रवर्तित इंटरनेशनल सोसायटी फॉर परशुराम कोंशसनेस की चेयरमैन, दिल्ली निवासी डॉ हर्षा त्रिवेदी दो दिवसीय दौरे पर गुरूवार को वागड़ आयेंगी। प्रातःडूँगरपुर में विप्र फाउंडेशन के परशुराम मूर्ति स्थल का अवलोकन कर कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगी। यहाँ से खड़गदा आयेंगी और मोरन नदी के उद्धार अभियान निमित आयोजित राम कथा में भाग लेंगी। यहाँ भागीरथ स्वरूप संत कमलेश शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त व उपरोक्त जल प्रकल्प पर विशेष चर्चा करेंगी। अगले दिन कथा पश्चात संध्याकाल में बाँसवाड़ा जायेंगी और विप्र फाउंडेशन के परशुराम मंदिर और अन्नपूर्णा रसोई प्रकल्प का परिदर्शन करेंगी। वहाँ पदाधिकारियों से बैठक उपरांत आप सागवाड़ा में गायत्री पीठ के दर्शन व रात्रि प्रवास कर उदयपुर लौटेंगी। उपरोक्त जानकारी विप्र के प्रदेश महामंत्री योगेश शर्मा ने दी। वर्तमान में स्वामी विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टड़ीज नामक दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएँ दे रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंच इस्पेक की चेयरमैन के रूप में परशुराम जागृति का शानदार कार्य कर रही हैं जिसे देश-दुनियाँ में खूब सराहा जा रहा है। हाल ही में संपन्न उज्बेकिस्तान यात्रा को खूब प्रसिद्धि मिली।

### योग मानव-जीवन का अनिवार्य धारणीय आभूषण हैं-व्यास

**डूंगरपुर(पुकार)।** योग मानव-जीवन का अनिवार्य धारणीय आभूषण हैं,आध्यात्मिक अष्टांग योग मानव-जीवन का एकमात्र लक्ष्य है तथा इस योग के न्यूनाधिक अभाव में मनुष्य उतना ही न्यूनाधिक मात्रा में अयोग्य हो जाता है। योग से ही योग्य व योग्यता आदि शब्द उपजा गए हैं।

यह विचार बुधवार की प्रातः व्यास आश्रम,दामड़ी में योग शिविर के तहत ब्रह्मर्षि पं.विद्याशंकर व्यास गोर ने व्यक्त किए। साप्ताहिक योग शिविर के बुधवार को छठे दिन अनेक युवा विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए पद्मासन, सिद्धासन, सुखासन, सर्वांगासन, मंडूकासन, कुक्कुटासन, हस्तपादासन सहित अनेक प्रचलित आसन किए। साधकों के विभिन्न रहस्यमय प्रश्नों के उत्तर देते हुए व्यास ने बताया कि ब्रह्मांड के भौतिक स्वरूप को अनंत या अनंत रहित बताना...दोनों ही विकट महाश्चर्य हैं, जिसके चिंतन से आधुनिक वैज्ञानिक व प्राचीन ऋषि-मुनि दोनों ही वर्ग स्तब्ध हैं। व्यास ने श्रीरामचरित मानस के बालकांड में वर्णित देवी-देवताओं द्वारा की गई। ईश्वर-स्तुति का जिक्र करते हुए बताया कि शारदा, चार वेद, सहस्त्रफणी, शेषनाग, समस्त ऋषि-मुनि भी ईश्वर की अनंतता के दर्शन करने में विफल हैं। ब्रह्मर्षि ने बताया कि भारत के पर्याय व महान साहसी पांडुपुत्र अर्जुन भी ईश्वर के विराट स्वरूप के दर्शन करके थर्र-थर्र कांपने लगा था। राहुल पाटीदार ने साधकों को उक्त योग का महत्व बताया। गांव दोवडा के विशाल,हर्षवर्धन,रवींद्र, दीक्षांत, विमल, भुवनेश ने ग्रह,उपग्रह व नक्षत्रों के निर्माण बाबत प्रश्न पूछे। मोहित,विमल,जिगर, जानेश सहित अनेक साधकों ने भाग लिया।

### यादव समाज की सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा का परीणाम जारी

**डूंगरपुर(पुकार)।** डॉ.भीमराव अम्बेड़कर यादव युवा संगठन वागड़ चौरासी के तत्वावधान में यादव समाज गलियाकोट की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-2024 का परिणाम जारी कर दिया गया है।

आयोजन समिति के मनमोहन गलियाकोट ने बताया कि कक्षा 12 से स्नातक के लेवल प्रथम मे मयंक मोहनलाल गलियाकोट ने प्रथम स्थान, निलेश नानु यादव सेमलिया ने द्वितीय स्थान एवं प्रियांशु मणीलाल यादव गरियाता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 तक के लेवल-द्वितीय मे मीत सुरजमल नोलियावाडा ने प्रथम, निहारीका अजीत कुमार तंबोलिया ने द्वितीय स्थान, यश मणीलाल चाडोली ने तृतीय प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 5 से 8 तक तक के लेवल तृतीय में काव्यशोभन कमलेश तंबोलिया ने प्रथम स्थान, रूद्ध कल्पेश अंबाड़ा ने द्वितीय स्थान एवं देवेन राकेश धंबोला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गलियाकोट की ओर से तन्वी मनमोहन एवं तिरशा दीपक ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ज्ञातव्य है कि 25 दिसम्बर को यादव समाज द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन राउमावि जुईतलाई में किया गया जिसमे कक्षा 12 से स्नातक के लेवल प्रथम में कुल 140 कक्षा 9 से 12 तक के लेवल-द्वितीय मे कुल 117 कक्षा 5 से 8 तक मे कुल 98 सहित समस्त लेवलों में 355 प्रतियोगी पंजीकृत हुए एवं 255 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

### रामकथा को लेकर कलेक्टर ने लिया तैयारियों को जायजा

**डूंगरपुर(पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ओर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल 4 जनवरी को डूंगरपुर आ सकते है। दोनों खड़गदा में आयोजित रामकथा में हिस्सा लेंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। कलेक्टर ओर एसपी ने खड़गदा गांव में सभा और मार्ग को लेकर अधिकारियों ओर लोगो से चर्चा की।

खड़गदा गांव से गुजर रही मोरन नदी की स्वच्छता ओर संरक्षण को लेकर गांव के लोगों के साथ रामकथा व्यास पीठ के माध्यम से बीड़ा उठाया गया है। कथावाचक कमलेश शास्त्री की ओर से जल संरक्षणए नदियों की स्वच्छता ओर सामाजिक समरसता का संदेश दिया जा रहा है। रामकथा को लेकर देशभर में साधु संत ओर बड़ी हस्तियों को बुलाया गया है। इसे लेकर ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ओर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल भी 4 जनवरी को खड़गदा आ सकते है। दोनों के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन खड़गदा गांव पहुंचे। जहां रामकथा आयोजन स्थल, मार्ग सहित तमाम व्यवस्थाओं को देखा। कलेक्टर ने दोनों नेताओं के लिए हेली-पेड़ की व्यवस्थाएं प्रमुख रास्ता और सुरक्षा को लेकर तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक शंकरलाल ड़ेचा, कोषाध्यक्ष डॉ.विजय जोशी,विवेक भट्ट, चंद्रेश व्यास ओर दीपेन भट्ट से भी चर्चा की। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रमेशचंद्र पाटीदार ओर सागवाड़ा विकास अधिकारी भरत कलाल को व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए।

### काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पदस्थापन कराने की मांग

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ लोकतान्त्रिक जिला शाखा डूंगरपुर ने शिक्षामंत्री राज्य सरकार को ज्ञापन भेजकर व्याख्याता पदों पर पदोन्नत हुए शिक्षकों को सत्र वार डीपीसी के अनुसार रिक्त पदों पर काउंसलिंग प्रकिया के माध्यम से पदस्थापन कराने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल, प्रदेश महामंत्री सुभाषचन्द्र भट्ट, संयुक्त मंत्री विश्राम कटारा, हिमांशु उपाध्याय ने ज्ञापन में बताया कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के आदेश द्वारा दो सत्रों 2021-2022 एवं 2022-2023 की डीपीसी चयन सूची संयुक्त रूप से जारी कर पदोन्नत प्राध्यापकों को काउन्सलींग के माध्यम से पदस्थापन प्रक्रिया का कलेंडर जारी किया गया है। दोनों सत्रों की डीपीसी में चयनित शिक्षको को संयुक्त रूप से काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं कर सत्र वाइज 2021-2022 हेतु रिक्त पदों पर पदस्थापन पश्चात 2022-23 सत्र की डीपीसी हेतु रिक्त पदों पर पदस्थापन कराया जाए। ऐसा करने से विभाग की मंशानुसार सभी विषयों के रिक्त पदों पर सो प्रतिशत पदस्थापन हो सकेंगा जिससे राज्य में सभी विषयों की शिक्षण व्यवस्था बाधित नहीं होगी दोनों सत्रों की डीपीसी का पदस्थापन संयुक्त रूप से होने पर सभी विषयों के रिक्त पदों पर पदस्थापन नहीं हो सकेगा क्योंकि हजारों की संख्या में पदोन्नत व्याख्याताओं ने दो दो से चार चार अलग अलग विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन की शैक्षणिक योग्यता प्राप्त किए हुए हे जिससे मल्टी विषयों में योग्यता दर्ज शिक्षको का सभी विषयों की डीपीसी में चयन हो चुका है। जबकि वह चयनित शिक्षक चार विषयों की डीपीसी में चयनित होने के बावजूद वह एक ही विषय के रिक्त पद पर कार्य ग्रहण करेगा परिणाम स्वरुप तीन विषयों के रिक्त पद अगली डीपीसी तक खाली ही रहेंगे जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होंगी। संगठन के अनुसार वास्तव में सभी रिक्त विषयों पर सो फीसदी पदस्थापन तभी संभव हे जब सत्र वाइज डीपीसी के साथ उसी सत्र के रिक्त विषयों के पदों पर पदस्थापन किया जाए तत्पश्चात् दूसरे सत्र की डीपीसी एवं रिक्त विषयों के पदों पर पदस्थापन किया जाए। शिक्षा शिक्षार्थी एवं शिक्षक हितों के प्रति समर्पित शिक्षा मंत्री से संगठन ने मांग की है कि सत्र 2021 2022 की डीपीसी काउन्सलींग को पूर्ण करवा पदस्थापन देने के पश्चात् शेष रिक्त पदो पर सत्र 2022-23 की डीपीसी काउन्सलींग प्रक्रिया की जावे ताकि सत्र 2022-23 डीपीसी के तहत् पदोन्नत प्राध्यापको को अधिक रिक्त विद्यालय प्राप्त हो सके। साथ ही सभी रिक्त विषयों के पद भरने की विभागीय मंशा भी पुर्ण हो सके।

# गांधीगिरी से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

## हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की फूल देकर दी नसीहत



**डूंगरपुर(पुकार)।** परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से बुधवार से सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का आगाज किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता के पहले दिन परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने गांधीगिरी दिखाई। शहर के तहसील चौराहा पर वाहनधारियों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने व सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत बुधवार को तहसील चौराहा पर वाहनधारियों को नियमों की पालना करने की सीख दी गई। एएसपी अशोक मीणा, कार्यवाहक डीटीओ रविन्द्रसिंह भाटी, परिवहन निरीक्षक विनय सिंह, कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल, ट्रैफिक इंचार्ज भूपेंद्र सिंह, सदर थाने से भवानीसिंह सहित मौजूद अधिकारियों ने हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक व स्कूटी सवारों को रोका। वहींए सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले चौपहिया वाहन ड्राइवरों को भी रोका, लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने गांधीगिरी दिखाते हुए लोगों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की नसीहत दी। कार्यवाहक डीटीओ रविन्द्र सिंह भाटी ने कहां कि हेलमेट आपके और आपके परिवार की सुरक्षा है। इससे दुर्घटना के बाद भी जिंदगी बच सकती है। इसलिए खुद भी हेलमेट पहने और दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यवाहक डीटीओ रविन्द्रसिंह भाटी ने बताया की परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की ओर से पूरे जनवरी महीने में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही दुर्घटना रोकने ओर ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित करते हुए उन्हें दुरुस्त करवाने का काम भी किया जाएगा।

# दिल की आवाज़ से सजी सुरमयी शाम, नववर्ष की नव सुबह के नाम

●संगीत प्रेमियों ने गीतों से किया नववर्ष का स्वागत



**डूंगरपुर (पुकार)।** साल 2024 की विदाई और 2025 का स्वागत नगर के संगीत प्रेमियों ने बीती रात अनूठे अंदाज़ में किया। स्वर साधकों के अग्रणी मंच दिल की आवाज़ से नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित गीतों भरी सुरमयी शाम नववर्ष की नव सुबह के नाम कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के साथ नववर्ष की अगवानी की।

दिल की आवाज़ डूंगरपुर के बैनर तले मंगलवार शाम यहां होटल जोधपुर पैलेस के हॉल में आयोजित संगीत निशा में योगेश जैन एवं हरीश मेहता बतौर अतिथि मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा मां शारदे की छवि के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं नवोदित बाल प्रतिभा उन्नति जोशी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से आरंभ हुई गीतों भरी शाम में नए,पुराने गीत,ग़ज़ल व भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कोई पांच घंटे तक चली सुरमई महफिल में ध्रुव जोशी, शैलेन्द्र पंचाल,मोहित भंडारी, के के पंड्याए दक्ष शर्मा, जयराज दोशी, मोनार्क जोशी, अशोक द्विवेदीए बद्री सुथारए कामिनी भट्ट, योगेश जोशी, उन्नति जोशी, मुकेश भट्ट, धरणीधर जोशी, चंदा खुशलानी, लवी जैन, शीतल पंड्या भट्ट, उत्पल जैन, प्रशांत जोशी, सुदेश मेहता, अजय शर्मा, सोहन यादव, भूपेन्द्र पंड्या, राजकुमार कसारा, गिरिश जोशी आदि ने उत्कृष्ट गीतों के साथ नववर्ष का स्वागत किया। आरंभ में दिल की आवाज़ के संस्थापक गिरिश जोशी, बद्रीभाई सुथार, जयराज दोशी, राजकुमार कसारा ने अतिथियों एवं गायक कलाकारों का स्वागत किया। संगीत संध्या का खूबसूरत संचालन गिरीश जोशी एवं बद्री सुथार ने किया जबकि ध्रुव उपाध्याय एवं मोहित भंडारी ने आभार व्यक्त किया।

# जिला कलेक्टर ने अनिमिया मुक्त संघन जागरूकता शिविर मे व्यवस्थाओं को देख दिए आवश्यक निर्देश

●प्रथम दिन 322 महिलाओं की हुई हीमोग्लोबिन जांच

●3 जनवरी को राज उच्च माध्यमिक विद्यालय वासुवा, पीएचसी चारवाड़ा, पीएचसी करावाडा,पीएचसी गंधवापाल लेंगे शिविर



**डूंगरपुर(पुकार)।** अनिमिया मुक्त संघन जागरूकता अभियान का आगाज बुधवार को राज उच्च माध्यमिक विद्यालय महुंड़ी पाल से किया गया। यह अभियान जिले को अनिमिया मुक्त करने कि दिशा में नवाचार के तौर पर एक अभिनव पहल है जो कि जिला कलेक्टर अंकित कुमार के निर्देश से जिले में प्रारम्भ की है। प्रथम फेस मे यह अभियान झौंथरी ब्लॉक आयोजित किया जा रहा है।

अनिमिया मुक्त संघन जागरूकता शिविर का अवलोकन जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह द्वारा किया। इस मौक पर उन्होंने शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं जा जायजा लिया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। अभियान का प्रथम शिविर पाल महुंडी मे आयोजित किया,जिसमें एएनएम, आशा सहयोगिनी, व आगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से 18 से 49 उम्र की श्रेणी की बालिकाओं, महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं व पात्र दम्पतियों को शिविर स्थल तक लाया जहां इनकी हीमोग्लोबिन की जांच की गई। जिला कलेक्टर ने यह भी बताया कि इस अभियान के माध्यम से गर्भावस्था से पूर्व ही रक्त की कमी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को पहचान कर पहले ही उपचारित किया जा सकेगा।

सीएमएचओ डॉ.अलंकार गुप्ता ने बताया कि प्रथम दिन आयोजित शिविर में 322महिलाओं के रक्त की जांच की गई जिसमें 11 ग्राम से ज्यादा हीमोग्लोबिन की 163 महिलाएं रही उन्हें जांच के बाद प्रतिदिन 1 आयरन की गोली छः माह तक खाने के लिए कहां गया। 9 से 11 ग्राम की 138 महिला रही जिन्हे प्रतिदिन छः माह तक सुबह व शाम गोली खाने को कहां गया वही 7 से 11 ग्राम हीमोग्लोबिन की 17 महिलाओं को 104 व 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी गैंजी भेजा गया ओर आयरन सुक्रोज का इंजेक्शन लगाया गया वही एक महिला 4 ग्राम हीमोग्लोबिन की थी जिसें जिला अस्पताल डूंगरपुर रक्त चढ़ाने के लिए रैफर किया गया। डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि झौंथरी में अगले शिविर शुक्रवार 3 जनवरी को राज.उच्च मा.विद्यालय वासुवा, पीएचसी चारवाड़ा, पीएचसी करावाड़ा,पीएचसी गंधवापाल, आयोजित किया जाएगा। शिविर में सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता,डिप्टी डायरेक्टर आईसीडीएस पंकज त्रिवेदी, बीसीएमओ डॉ. सुदर्शन मीणा, सीडीपीओ श्रीमती पुष्पा पलात व चिकित्सा विभाग की मेडिकल टीम उपस्थित रही।

# डूंगरपुर के 10 स्काउट गाइड कर रहे राष्ट्रीय स्तरीय शिविर में सहभागिता

**डूंगरपुर (पुकार)।** 25 वें राष्ट्रीय कथा शिविर राजकोट, गुजरात में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला डूंगरपुर से 10 स्काउट गाइड सहभागिता कर रहें है। स्काउटर तुलसीराम खराड़ी ने बताया कि श्रीवैदिक मिशन ट्रस्ट राजकोट, गुजरात के तत्वावधान में 28 दिसम्बर से 05 जनवरी तक आयोजित 25 वें राष्ट्रीय कथा शिविर में डूंगरपुर जिले से राउमावि करियाणा से स्काउट राहुल पाटीदार, पियूष पाटीदार, काव्य सुथार,सुमित पाटीदार, द्रोण पाटीदार, राजकीय महारावल उमावि डूंगरपुर से स्काउट रोहित खराड़ी, ललित बलात, गाइड रेखा डामोर, सीमा खराड़ी, अंजली डामोर, राष्ट्रीय स्तरीय शिविर में सहभागिता कर रहे है। गाइडर सुशीला डामोर ने बताया कि शिविर में स्काउट गाइड को देशप्रेम, वैदिक संस्कृति, समाज सेवाएं मार्च पास्ट, सेना की जानकारी एवं विविध स्काउट गतिविधि की जानकारी प्रदान की जा रही है।




# पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के जन्मदिन पर कांग्रेस नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**डूंगरपुर(पुकार)।** कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व सांसद व पूर्व सचिव एआईसीसी एवम पूर्व विधायक और पूर्व जिला प्रमुख ताराचंद भगोरा के बुधवार को जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिले भर से कांग्रेस नेताओं ने भगोरा के डूंगरपुर निवास पर पहुंचकर सिर्फ माला पहनाकर स्वागत किया क्योंकि देश में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहनसिंह के निधन का राजकीय शोक होने से काग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक नही काटा और नही कोई बड़ा आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद भगोरा ने काग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए वागड़ अंचल सहित देश व प्रदेश की आमजनता को नए वर्ष की शुभकामनाए दी।इस मौके पर जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री शंकर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियकांत पंड्या, पूर्व विधायक पूजीलाल परमार, वरिष्ठ नेता व पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार, पूर्व लोकपाल सुखदेव यादव, पूर्व प्रधान लक्ष्मण कोटेड, उपाध्यक्ष रोशन दोषी, वालजी पाटीदार, मनोहर पटेल, महामंत्री मनोज पाटीदारए नारायण पंड्याएरमेश सुथारए मुस्ताक अहमदएरूप शंकर त्रिवेदीएयोगेश कोटडिया,नगर अध्यक्ष लक्ष्मीलाल काका, ब्लॉक अध्यक्ष कनेह्यालाल पटेल,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार, पूर्व नगर अध्यक्ष शार्दुल चौबिसा, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विवेक दीक्षित, केवीएस डायरेक्टर हरीश डिंडोर,पूर्व पार्षद सुरेश फुमतिया, युवा नेता लोकेश पाटीदार, मस्तुक मलिक, भगवती प्रसाद पंड्या, हरीश उपाध्याय, जगदीश ननोमा, बंशीलाल साद, गजेंद्र उपाध्याय, संजय पाटीदार, नारायण पाटीदार, सुदर्शन भावसार, विनोद परमार, भीखा भगोरा, पुजीलाल खराड़ी आदि मौजूद थे।



# नए साल पर राष्ट्र संत पुलक सागर की उतारी महाआरती

## भारत देश जगत गुरु था है ओर रहेंगा-आचार्य पुलक सागर



**डूंगरपुर (पुकार)।** नए साल का स्वागत हर कोई अपने अंदाज में मना रहा था। कोई पार्टी तो कोई डांस और मस्ती के साथ सराबोर था। वहीं,जैन समाज के लोगों ने राष्ट्र संत पुलक सागर महाराज के साथ नए साल का स्वागत किया। एक साथ कई दीपक जलाकर लोगों ने राष्ट्र संत की महाआरती उतारी और उनका आशीर्वाद लिया। संत ने लोगो को नए साल की खुशहाली की शुभकामनाएं देते हुए कहां कि भारत देश के जगत गुरु था, है और रहेगा।

राष्ट्र संत ओर भारत गौरव पुलक सागर महाराज के डूंगरपुर में ऋषभ कथा के आयोजन चल रहे है। कथा को लेकर डूंगरपुर सहित कई जगहों से जैन समाज के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। नए साल को लेकर जैन समाज की ओर से राष्ट्र संत पुलक सागर महाराज की महाआरती उतारी गई। एक साथ सभी लोगों ने दीपक जलाए और संत की आरती उतारते हुए आशीर्वाद लिया। राष्ट्र संत ने आशीर्वाद देते हुए कहां कि नए साल को प्रकाश में बदलने की कोशिश करें। सभी के जीवन में हजारों हजार खुशिया हो। आनंद हो,समृद्धि हो। धन धान्य से परिपूर्ण रहो। भारत की सनातन परंपरा,संस्कृति,भारत के रीति-रिवाज,भारत की रस्में इन्हें अपने जीवन में उतारो और अपने देश को मजबूत करों। भारत सारी दुनिया का जगत गुरु था, है और रहेंगा।

नए साल पर मुनि यादवेन्द्र सागर एवं शैल नंदी की उतारी महाआरती

सभी धर्मावलम्बियों को दिया खुशहाली का आशीर्वाद

कुआं। नए साल का स्वागत हर कोई व्यक्ति अपने अंदाज में करता है, कोई व्यक्ति पार्टी तो कोई व्यक्ति डांस और मस्ती के साथ सराबोर रहता है लेकिन वहीं जैन समाज कुआं के लोगों ने मुनि यादवेन्द्र सागर व मुनि शैल नंदी की महा आरती करके नए साल का स्वागत किया। 108 दीपक जलाकर सभी भक्तों ने दोनों मुनिराज की महाआरती उतारी और उनका आशीर्वाद लिया। मुनिराज ने सभी श्रावकों को आशीर्वाद देते हुए कहां कि नए साल सभी के जीवन में अपार खुशियाँ हो,आनंद हो,समृद्धि हो। सभी धन धान्य से परिपूर्ण रहो एवं जिनेन्द्र भगवान के बताये हुए मार्ग पर चलते हुए दानए दयाए जिन भक्ति करते हुए पुण्य अर्जित करे द्य रात्रि में गुरुदेव के सानिध्य में भजन संध्याए एक मिनट प्रतियोगिताए विचित्र वेशभूषाए भक्तामर स्त्रोत के रचियता मांगतूग आचार्य के साथ घटित घटना का जीवंत मंचन किया एवं महिला मण्डल व नन्हें बालक बालिकाओं ने धार्मिक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की द्य आज सुबह मंदिर में 1008 कलशों से महा शांतिधारा की गयी जिसके पुण्यार्थ दीपेश शाह का परिवार रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान



**उदयपुर (पुकार)।** श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा उदयपुर संभाग के नेतृत्व में सुथार खेल महोत्सव के आयोजन के दौरान बैडमिंटन युगल खेल में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों का स्वयंभू कार्यकारिणी टीम स्वयंभू द्वारा स्वागत किया गया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। साथ ही वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फाइनल में उपरला गिर्वा टीम विजेता रही उसमें बड़ी गांव के खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान बैडमिंटन युगल खिलाड़ी रोहित सुथार, लोचन सुथार, नितेश सुथार एवं वॉलीबॉल खिलाड़ी शांतिलाल सुथार, मुकुल सुथार, स्वयंभू अध्यक्ष जयदेव शर्मा, लक्ष्मी लाल सुथार, भगवती लाल सुथार, मनोहर सुथार, खुबेश सुथार के साथ-साथ स्वयंभू महिला कार्यकारिणी भी उपस्थित थी।

बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बैडमिंटन खेल के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए टीम स्वयंभू का हार्दिक आभार व्यक्त किया। स्वयंभू अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को आगे होने वाली प्रतियोगिताओं में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। खुबेश सुथार द्वारा अथक प्रयासों से बड़ी गांव में खेल मैदान का विकास कार्य करवाते हुए विविध प्रकार के खेल मैदानों के विकास का आश्वासन दिया, जिससे खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास कर सके।

### होनहारों ने किया लेकसिटी का नाम रोशन



**उदयपुर (पुकार)।** बुधवार को घोषित हुए आईबीपीएस आरआरबी परीक्षा 2024 के परिणामों में अनुष्का ग्रुप के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह परीक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में ऑफिसर और ऑफिस असिस्टेंट पदों के लिए आयोजित की जाती है। संस्थान के आरती कुमावत, सिद्धार्थ आत्रे, यश सेन, मेहुल गुर्जर, यश माली का चयन हुआ है। इससे पूर्व, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जूनियर एसोसिएट पदों के लिए भी संस्थान के संदीप सिंह और यश का चयन हुआ था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, राजीव सुराणा ने बताया कि उनके विद्यार्थियों को बैंकिंग परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है। संस्थान में सम्पूर्ण भारत के विख्यात शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता हासिल की है।

### सिंघवी अध्यक्ष, सिसोदिया महामंत्री मनोनीत



**उदयपुर (पुकार)।** सामाजिक संस्था भारतीय जैन संघटना उदयपुर की बैठक बुधवार को एलबीएस सभागार में आयोजित की गई। जिसमें संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने संभागीय अध्यक्ष विकास जैन की सहमति से आगामी वर्ष 2025-26 के लिए दीपक सिंघवी को अध्यक्ष, भूपेन्द्र गजावत को कार्यकारी अध्यक्ष, जितेन्द्र सिसोदिया को महामंत्री तथा वीरेन्द्र महात्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। उक्त बैठक में फत्तावत ने नव मनोनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आगामी वर्ष में संगठन को नई उंचाईयों तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। नव मनोनीत अध्यक्ष दीपक सिंघवी ने अपनी योजना प्रस्तुत करते हुए कहां कि 30 नवम्बर व 1 दिसम्बर को पुना में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में संस्थापक शांतिलाल मुथा के आव्हान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयास किए जाऐगें। बीजेएस बास्केट में नए घोषित आयोजन प्रारब्ध, प्रतिबिम्ब, प्रवाह, परिकल्पना और प्रबोधि के सभी आयोजन किए जाएगें। मुख्यतः युवा दिवस, विश्व शाकाहार दिवस, केरियर कॉउसिलिंग, विश्व पर्यावरण दिवस, अन्तराष्ट्रीय मातृ-पितृ दिवस, विश्व कैंसर दिवस, जल क्रांति, स्मार्ट गर्ल्स, हैप्पी फैमिली, मेट्रोमोनियल मीट आदि आयोजन भी प्रमुखता से किए जाएगें। उक्त बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष यशवंत कोठारी, लेडिज विंग अध्यक्षा मीना कावडिया, युथ विंग अध्यक्ष जय चौधरी, गर्ल्स विंग अध्यक्षा तनिशा दोशी आदि ने भी सम्बोधित किया।

### कलिकाल कल्पतरू श्री ज्येष्ठमल जी म. सा. की 168वीं जंयती मनाई



**उदयपुर (पुकार)।** श्री देवेंद्र धाम, उदयपुर में कलिकाल कल्पतरू श्री ज्येष्ठमल जी म. सा. की 168 वी जन्म जंयती एवं नूतन वर्ष 2025 के उपलक्ष पर मांगलिक और महामंत्र नवकार का जाप श्री देवेन्द्र धाम प्रांगण में पूज्य गुरूदेव श्री जिनेन्द्र मुनि जी म सा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। गुरुदेव ने श्री ज्येष्ठ गुरु के प्रति समर्पण एवं सच्ची श्रद्धा से होने वाले चमत्कार से श्रावक श्राविकाओं को अवगत कराया। श्री देवेंद्र धाम ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष रजनी वीरेंद्र डांगी ने बताया कि बीते वर्ष 2024 में ट्रस्ट द्वारा आम जन मानस के स्वास्थ लाभ के लिए फिजियोथैरिपी सेंटर एवं होम्योपैथिक चिकित्सालय की शुरुआत की गई है और आगामी वर्ष 2025 में भी ट्रस्ट द्वारा पूर्व में चलाए जा रहे है चिकित्सालय, विद्यालय, लाइब्रेरी एवं रीडर्स रूम, भोजनशाला एवं अन्य जनहित की गतिविधियां नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। ट्रस्ट से गणेश लाल गोखरू, विजय सिंह छाजेड़ , प्रकाश वर्डिया,रोशन लाल जैन,प्रमोद खाब्या, सुरेश बडाला,रमेश खोखावत,संगीता वर्डिया,अर्पित बडाला,गर्वित सिसोदिया आदि गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन सहमंत्री हिम्मत मेहता द्वारा किया गया।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के संबंध में बैठक आज

**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक बैठक गुरुवार को सुबह 11 बजे जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के मिनी सभागार में आयोजित होगी। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 'परवाह (केयर)' थीम पर किया जाना है। इस संबंध में आयोजित इस बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न हितधारक विभागों द्वारा विभिन्न कार्य-गतिविधियां आयोजित करने हेतु चर्चा की जाएगी।





'एक भारत श्रेष्ठ भारत' एनसीसी शिविर का समापन समारोह

# नया साल सुख समृद्धि और संपन्नता से हो परिपूर्णः प्रो सारंगदेवोत



**उदयपुर (पुकार)।** 5 राज गर्ल्स एनसीसी की ओर से आयोजित बारह दिवसीय 'एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर' का समापन समारोह नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ हुआ। भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रांगण में कर्नल प्रो एस.एस.सारंगदेवोत, कार्यवाहक अध्यक्ष भूपाल नोबल्स संस्थान, डॉ महेंद्र सिंह राठौड़, मंत्री, मोहब्बत सिंह राठौड़, मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ शिल्पा राठौड़, डीन, फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज ने शिरकत की। मॉ सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, मेजर डॉ अनीता राठौड़ द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। साथ ही कैंप रिपोर्ट भी पढ़ी गई जिसमें शिविर में आयोजित की गई गतिविधियों का विवरण दिया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 150 आंध्र प्रदेश व तेलंगाना निदेशालय के कैडेट्स तथा 450 राजस्थान निदेशालय के कैडेट्स ने भाग लिया, शिविर में आयोजित सभी गतिविधियों तथा शैक्षणिक भ्रमण का व्याख्यान किया, शिविर के मुख्य उद्देश्य को पूर्ण करते हुए दोनों ही निदेशालय के कैडेट्स को एक दूसरे की कला संस्कृति वेशभूषा व खानपान आदि को साझा किया। शिविर के समापन समारोह में कैडेट्स द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर के उद्देश्य को पूर्ण करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक समारोह का मुख्य आकर्षण केंद्र आंध्र प्रदेश व तेलंगाना कैडेट्स द्वारा घूमर नृत्य तथा राजस्थानी कैडेट्स द्वारा आंध्र प्रदेश का नृत्य रहा, जिसने वहां बैठे सभी अतिथि व दर्शकों को अपनी प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया, महाराणा प्रताप की गौरव गाथा का व्याख्यान करते लोकगीत, अपने प्रदेश को दर्शाता भरतनाट्यम तथा कालबेलिया जैसे नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई।

मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम दोनों प्रदेशों के लोक नृत्य की झलकियां दिखाता, उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफलता पूर्ण आयोजन के लिए सभी कैडेट्स को हार्दिक शुभकामनाएं दी, साथ ही युवाओं का आव्हान किया कि नववर्ष नई खाली किताब लेकर आया है इसके हर पन्ने को हमें अपनी उपलब्धियां से भरना है, जीवन में आगे बढ़ने के लिए कृतज्ञता का भाव, टाईम मैनेजमेंट व सकारात्मक सोच जरूरी है और यही भाव आपको जीवन में सफल बनाता है। कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत द्वारा भूपाल नोबल्स संस्थान के समस्त अधिकारी व स्टाफ को सभी तरह की मदद के लिए तह दिल से आभार व्यक्त किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प लेकर सभी कैडेट्स को आगे बढ़ कर, उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में आयोजित खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए विजेता कैडेट्स को मेडल प्रदान किए गए तथा एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स, जीसीआई को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर का संचालन डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल शैलेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशन में हुआ।

इस अवसर पर एनसीसी समूह मुख्यालय के ट्रेनिंग ऑफिसर कर्नल अरुण प्रताप सिंह, कर्नल विपुल वया, कर्नल (सेवानिवृत्त) राजेश कुमार, कमांडर (सेवानिवृत्त) राजेंद्र कुमार, उदयपुर समूह मुख्यालय के समस्त स्टाफ, तथा कैंप का समस्त स्टाफ उपस्थित था। यह जानकारी यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

# जैन सोशल ग्रुप मेवाड़ रिजन ने किया 451 तपस्वियों का सम्मान

## धरती पर बढ़ा पाप, तप पर ही टिकी है,धरती : कमल संचेती



**उदयपुर (पुकार)।** जैन समाज में सेवा कार्यो के अग्रणी समूह जैन सोशल ग्रुप मेवाड़ रिजन की और से शोभागपुरा स्थित महाप्रज्ञ विहार मे तप अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे 451 तवस्वियों का अभिनन्दन किया गया।

रिजन चेयरमैन अनिल नाहर ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा की जैन सोशल ग्रुप जैन समाज में एकता का प्रयास कर रहा है, वो सराहनीय है। इसके साथ ही समय समय पर प्रतिभावान समारोह और तप अभिनन्दन समारोह आयोजित करता है, जिससे समाज की प्रतिभाएं भी निखरी है और जैन धर्म के प्रति समाजजनों मे निश्छलता का भाव आया है।

जेएसजीआईएफ के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल संचेती ने तपस्या करने वालो की अनुमोदन करते हुए कहा की धरती पर पाप बढ़ रहा है ऐसे मे तपस्वियों के तप से ही यह धरती अब तक टीकी हुई है।

प्रशासनिक सेवा अधिकारी ओ.पी.जैन ने कहा कि ना सिर्फ जैन धर्म मे बल्कि सनातन मे भी तपस्या का बेहद महत्त्व है। उन्होने कहा कि मेवाड रिजन इतनी बड़ी संख्या में जो तपस्वियों का सम्मान कर रहा है, यह बेहद सराहनीय धर्म कार्य है। उन्होने जैन समाज मे घटती जनसँख्या पर भरी चिंता जाहिर की।

अभिनन्दन समारोह मे स्वागत उद्बोधन देते हुए मेवाड़ रिजन के चेयरमैन अनिल नाहर ने कहा कि कर्मो की निर्जरा करने का सबसे अच्छा साधन तप है। स्नान से शरीर साफ होता है, लेकिन तप से आत्मा पवित्र होती है। नाहर ने बताया कि तप अभिनन्दन समाराहे मे 8 ,9,10, 15, 21, 45, 60, 75, मास क्षमण, एकांतर, वर्षी, सिद्धि तप करने वाले 451 तपस्वियों को अतिथियों द्वारा शॉल, माला, ओपरणा, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया। मेवाड रिजन के चैयरमैन इलेक्ट अरुण मांडोत ने रीजन की जानकारी दी। मेवाड़ रिजन के निवर्तमान चेयरमैन मोहन बोहरा ने फेडरेशन के बारे में जानकारी दी।

सचिव महेश पोरवाल ने आभार प्रकट किया और संचालन सीमा चम्पावत ने किया।

अभिनन्दन समारोह से पूर्व रीजन के 8वें स्थापना दिवस और फेडरेशन के 60वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में झंडा रोहण रीजन के फाउंडर चेयरमैन ओपी चपलोत और पूर्व चेयरमैन आरसी मेहता द्वारा किया गया। अभिनंदन समारोह में पारस ढेलावत, सुभाष मेहता, आरएल जोधावत, गजेंद्र जोधावत, हिमांशु मेहता, प्रकाश कोठारी, आलोक पगारिया, कमल नाहटा सहित जैन समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भूपाल नोबल्स संस्थान का 103वां स्थापना दिवस आज

### नि :शुल्क रक्तदान और नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रताप चौक प्रांगण में गुरुवार को संस्थान की स्थापना का 103 वां दिवस भावभीनी श्रद्धा से मनाया जाएगा. इस अवसर पर संस्थान में स्थित नर्मदेश्वर महादेव प्रांगण में यज्ञ हवन भी होगा और संस्थान में स्थित महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। इस अवसर पर बी एन ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के सचिव भानु प्रताप सिंह सोलंकी ने बताया कि भूपाल नोबल्स संस्थान के 103 वें स्थापना दिवस पर विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा आयोजित शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत 'ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, भूपाल नोबल्स संस्थान, उदयपुर' द्वारा रक्तदान और निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। भूपाल नोबल्स संस्थान की स्थापना तत्कालीन महाराज कुमार भूपाल सिंह, बेदला राव राज सिंह, मामा अमान सिंह रलावता के प्रयासों से 2 जनवरी 1923 को दो विद्यार्थियों के साथ हुई थी जो आज एक विश्वविद्यालय का रूप ले चुका है और उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।

## बैटल ऑफ द फिटेस्ट सम्पन्न



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय आयरन मेन ऑफ मिस्टर राजस्थान बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में साजिद हुसैन ने आयरन मेन ऑफ मिस्टर राजस्थान का खिताब अपने नाम किया। मोस्ट इम्प्रूव बॉडीबिल्डर का खिताब देवेंद्र नागदा ने अपने नाम किया। वहीं बेस्ट पोजर का खिताब मो.अशफाक ने अपने नाम किया। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव निजामुद्दीन खान ने दी।

### सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने अपना घर आश्रम में स्वेटर, कंबल, टोपे एवं फल वितरित



**उदयपुर (पुकार)।** सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने अपना घर आश्रम में प्रभुजी को 51 स्वेटर, कंबल, टोपे एवं फल वितरित किए। जिसमें कल्पना पूर्बिया ,राजकुमारी सुहालका, शीला पटेल, लता सुहालका, तृप्ति टाक का महत्वपूर्ण सहयोग रहा रचना सुहालका की अध्यक्षता में साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्बिया वर्ग से राजश्री ,कल्पना , ज्योति, प्रमिला ,तारा, मनिला, एवं गायत्री पूर्बिया ने शानदार किटी आयोजन किया। अनेक प्रतियोगिताओं के साथ दिसंबर अलविदा एवं नव वर्ष का स्वागत अभिनंदन किया गया । माधवी सुहालका ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रेसला ने उठाई उप जिलाक्षाधिकारी (शारीरिक शिक्षा) के पद सृजित करने की आवाज़

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) उदयपुर के जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार चौबीसा, महामंत्री ऋषिकेश गामोट ने राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर प्रारंभिक शिक्षा में उपजिला शिक्षा अधिकारी (शा.शि.) के पद सृजित करने के लिए मांग की है। रेसला उदयपुर के शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि डॉ लक्ष्मण दास वैष्णव ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा में ये पद स्वीकृत है किंतु अबतक प्रारंभिक शिक्षा विभाग में पद स्वीकृत नहीं है। इस सम्बन्ध में वैष्णव ने बताया कि राजस्थान के समस्त 41 जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा (मुख्यालय) कार्यालयों में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद (ग्रेड-पे 6600) सृजित किया जावे ताकि सभी 41 जिलों में जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा सके साथ ही राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन एवं प्रशिक्षण किया जा सके वर्तमान में राजस्थान के जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा (मुख्यालय) कार्यालय में एक भी पद सृजित नहीं है।

पत्र में चौबीसा ने बताया कि नवीन जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद (ग्रेड-पे 6600) सृजित किया जावे। जिससे राजस्थान के विद्यालयों में खेल-कूद गतिविधियों का सफल संचालन एवं प्रशिक्षण सुव्यवस्थित किया जा सके। साथ ही सभाग स्तर पर संयुक्त निदेशक कार्यालय स्कूल शिक्षा के सम्भागिय कार्यालय में उपनिदेशक शारीरिक शिक्षा अथवा जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद सृजित किया जावे जिससे सम्भागिय स्तर पर खेल-कूद गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा कर, छात्र/छात्रा खिलाडियों का राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकेगा।

रेसला प्रतिनिधि दर्जन सिंह सिसोदिया ने बताया कि राजस्थान के प्रत्येक ब्लॉक स्तर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उपजिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा का पद सृजित किया जाये जिससे ब्लॉक स्तर पर खेल-कूद गतिविधियों का सफल संचालन किया जा सकेगा।यह भी बताया कि वर्तमान में प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा के पदों पर कार्मिक कार्यरत है जो कि उच्च पदोन्नति पदों की सभी योग्यता रखते है, एवं इनकी पदोन्नति से राज्य सरकार पर किसी भी प्रकार का आर्थिक भार नहीं पडेगा। उक्त पदों को सृजित कर लम्बे समय से लम्बित मांगो का निराकरण कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ कराने की मांग की है।

# किसानों को बताए शीतलहर और पाले से फसल सुरक्षा के उपाय

**उदयपुर (पुकार)।** वर्तमान में राज्य में चल रही शीतलहर एवं मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत राज्य में फसलों को पाले के प्रकोप से बचाव के लिए कृषि आयुक्तालय से कृषकों के लिए उपयोगी व महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है।

इस संबंध में अतिरिक्त निदेशक (कृषि) अनुसंधान एच.एस.मीणा ने समस्त खण्ड के अतिरिक्त निदेशक व समस्त जिला परिषद के संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार को पत्र लिखकर किसानों को इन उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु कहा है। इन उपायों में कृषकों को बताया है कि जब पाला पडने की संभावना हो तब खेत में सिंचाई करनी चाहिये। नमीयुक्त जमीन में काफी देरी तक गर्मी रहती है तथा भूमि का तापक्रम एकदम कम नहीं होता है। इस प्रकार पर्याप्त नमी होने पर शीतलहर व पाले से नुकसान की संभावना कम रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार सर्दी में फसल में सिंचाई करने से 0.5 डिग्री से 2 डिग्री सेल्शियस तक तापमान बढ़ जाता है। जिन दिनों पाला पडने की संभावना हो उन दिनों फसलों पर घुलनशील गन्धक 0.2 प्रतिशत अथवा गंधक का तेजाब 0.1 प्रतिशत की दर से 1000 लीटर प्रति हैक्टयर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करना चाहिये। ध्यान रखें कि पौधों पर घोल की फुहार अच्छी तरह लगे। छिड़काव का असर दो सप्ताह तक रहता है। यदि इस अवधि के बाद भी शीत लहर व पाले की संभावना बनी रहे तो छिडकाव को 15-15 दिन के अन्तर से दोहराते रहें। कृषकों को बताया गया कि सरसों, गेहूँ, चना, आलू, मटर जैसी फसलों को पाले से बचाने में गन्धक तेजाब 0.1 प्रतिशत का छिड़काव करने से न केवल पाले से बचाव होता है, बल्कि पौधों में लौह तत्व की जैविक एवं रासायनिक सक्रियता बढ़ जाती है जो पौधों में रोग रोधिता बढ़ाने में एवं फसल को जल्दी पकाने में सहायक होती है। जिस रात पाला पड़ने की संभावना हो उस रात 12 से 2 बजे के आस-पास खेतों की उत्तरी पश्चिमी दिशा से आने वाली ठण्डी हवा की दिशा में खेतों के किनारे, पर बोई हुई फसल के आस-पास मेड़ों पर कूडा कचरा या अन्य व्यर्थ घास फूस जलाकर धुआं करे, इससे 4 डिग्री सेल्शियस तापक्रम आसानी से बढ़ाया जा सकता है। पौधशालाओं के पौधों एवं सीमित क्षेत्र वाले उद्यानों / नकदी सब्जी वाली फसलों में भूमि के ताप को कम न होने देने हेतु फसलों को टाट, पॉलिथिन अथवा भूसे से ढक देवें। वायुरोधी टाटियां, हवा आने वाली दिशा की तरफ यानि उत्तर पश्चिम की तरफ बांधे। नर्सरी, किचन गार्डन में उत्तर-पश्चिम की तरफ टाटियां बांधकर क्यारियों के किनारों पर रात्रि में लगाये तथा दिन में पुनः हटायें। दीर्घकालीन उपाय के रूप में फसलों को बचाने के लिये खेत की उत्तरी-पश्चिमी मेड़ों पर तथा बीच-बीच में उचित स्थानों पर वायु अवरोधक पेड़ जैसे शहतूत, शीशम, बबूल, खेजडी, अरडू एवं जामुन आदि लगा दिये जाये, तो पाले और ठण्डी हवा के झौंकों से फसल का बचावा जा सकता है।

# दो दिवसीय नि :शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर 4 से

### शहर के तीन कोनों में होंगे शिविर

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन और जेके फिजियो एवं रिहैब फिजियोथैरेपी सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 4 व 5 जनवरी को निश्शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शहर के तीन क्षेत्रों में होंगे जिनमें आरके सर्कल, सेक्टर–3, सेक्टर–14 क्षेत्र शामिल हैं। इन तीनों क्षेत्रों में जेके फिजियोथैरेपी सेंटर उपलब्ध हैं।

उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष मयंक मूंदड़ा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य घुटने के दर्द, कमर के दर्द, जोड़ों के दर्द और लकवा जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों को विशेषज्ञों से निश्शुल्क परामर्श और उपचार प्रदान कराना है। शिविर में अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए चिकित्सकों द्वारा इन समस्याओं की निश्शुल्क जांच और उपचार किया जाएगा।

संगठन के महामंत्री अर्चित पलोड़ ने बताया कि शिविर में आमजन को फिजियोथैरेपी से संबंधित सलाह भी दी जाएगी, जिससे वे बिना दवाओं के दर्द से राहत पा सकें। तीनों स्थानों पर शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा और दोपहर दो बजे तक चलेगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.